देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 19 अंक: 182 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**
नए दौर की
शुरुआत



# पेज थ्री

देहरादून, गुरूवार, 24 अक्टूबर 2024



मौसम अधिकतम 29.0° न्यूनतम 19.0°

79924.77

2 नसरल्लाह का उत्तराधिकारी मारा गया
7 सरफराज को बाहर बिठाने की तैयारी

# हम युद्ध के समर्थक नहीं: पीएम

## 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में पीएम मोदी ने की ब्रिक्स की नई संरचना और उपलब्धियों की सराहना

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कजान। रूस के कजान में 16वां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए राष्ट्रपति पुतिन को धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं एक बार फिर ब्रिक्स से जुड़े नए साथियों का हार्दिक स्वागत करता हूं। अपने नए स्वरूप में ब्रिक्स विश्व की 40 प्रतिशत मानवता और लगभग 30 प्रतिशत अर्थव्यवस्था का प्रतिनिधित्व करता है। पिछले दो दशकों में ब्रिक्स ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि मुझे विश्वास है कि आने वाले समय में यह संगठन वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए और अधिक प्रभावी माध्यम बनकर उभरेगा। मैं न्यू डेवलपमेंट बैंक की अध्यक्ष डिल्मा रूसेफ को बधाई देता हूं। पिछले 10 वर्षों में यह बैंक ग्लोबल साउथ के देशों के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण विकल्प के रूप में उभर रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत में गिट सिटी के खुलने से इस बैंक को मजबूती मिली है। एनडीबी को मांग–संचालित सिद्धांत पर काम करना जारी रखना चाहिए और बैंक का विस्तार करते समय दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता, स्वस्थ क्रेडिट रेटिंग और बाजार पहुंच सुनिश्चित करने को प्राथमिकता देनी चाहिए।

16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के बंद पूर्ण सत्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, इस वर्ष ब्रिक्स में डब्ल्यूटीओ सुधार, कृषि में व्यापार सुविधा, लचीलापन आपूर्ति श्रृंखला और ई–कॉमर्स और विशेष अर्थव्यवस्था क्षेत्र को लेकर जो सहमति बनेगी, उससे हमारे आर्थिक सहयोग को बल मिलेगा। पीएम मोदी ने कहा कि ब्रिक्स शिखर सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब दुनिया युद्ध, संघर्ष, आर्थिक अनिश्चितता और जलवायु परिवर्तन जैसी कई चुनौतियों से घिरी हुई है।

दुनिया में उत्तर–दक्षिण और पूर्व–पश्चिम विभाजन की बात हो रही है...और, तकनीक के युग में साइबर सुरक्षा, डीप फेक, दुष्प्रचार जैसी नई चुनौतियां सामने आई हैं। ऐसे में ब्रिक्स से काफी उम्मीदें हैं। मेरा मानना है कि एक विविध और समावेशी मंच के रूप में ब्रिक्स सभी मुद्दों पर सकारात्मक भूमिका निभा सकता है। इस संदर्भ में हमारा दृष्टिकोण जन–केंद्रित रहना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें दुनिया को यह संदेश देना चाहिए कि ब्रिक्स विभाजनकारी नहीं बल्कि जनहित समूह है। हम युद्ध का नहीं, संवाद और कूटनीति का समर्थन करते हैं।

### आतंकवाद पर कसनी होगी नकेल

प्रधानमंत्री ने कहा कि सभी ब्रिक्स देशों को आतंकवाद से निपटने के लिए मजबूती से सहयोग करना चाहिए। आतंकवाद और आतंकी वित्तपोषण से निपटने के लिए हम सभी को एकजुट होना होगा और मजबूती से सहयोग करना होगा। ऐसे गंभीर मुद्दे पर दोहरे मापदंड के लिए कोई जगह नहीं है। हमें अपने देशों के युवाओं में कट्टरपंथ को रोकने के लिए सक्रिय कदम उठाने चाहिए।



### भारत ब्रिक्स के तहत सहयोग बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, भारत ब्रिक्स के तहत सहयोग बढ़ाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हमारी विविधता और बहुध्रुवीयता में हमारा विश्वास ही हमारी ताकत है। हमारी यही ताकत, मानवता में हमारा साझा विश्वास, हमारी आने वाली पीढ़ियों के समृद्ध और मजबूत भविष्य को सार्थक आकार देने में मदद करेगा। मैं ब्रिक्स के अगले अध्यक्ष के रूप में ब्राजील के राष्ट्रपति लूला को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। भारत आपके ब्रिक्स राष्ट्रपति पद की सफलता के लिए आपको अपना पूरा समर्थन देगा।

### सीमा पार भुगतान से हमारा आर्थिक सहयोग मजबूत होगा

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा, सभी ब्रिक्स देशों में इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण पर विशेष बल दिया जा रहा है। भारत में मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी को तेजी से बढ़ाने के लिए हमने गतिशक्ति पोर्टल बनाया है। इससे इन विकासों की एकीकृत योजना और कार्यान्वयन में मदद मिली है और लॉजिस्टिक्स लागत कम हो गई है। हमें अपने अनुभव आप सभी के साथ साझा करने में खुशी होगी। हम ब्रिक्स देशों के बीच वित्तीय एकीकरण बढ़ाने के प्रयासों का स्वागत करते हैं। स्थानीय मुद्रा में व्यापार और आसान सीमा पार भुगतान से हमारा आर्थिक सहयोग मजबूत होगा। भारत की ओर से बनाया गया यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस भारत की एक बड़ी सफलता की कहानी है।

## संक्षिप्त समाचार

### पीएम मोदी और शी जिनपिंग के बीच द्विपक्षीय वार्ता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को यहां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ द्विपक्षीय वार्ता की, जो मई 2020 में पूर्वी लद्दाख सीमा विवाद पैदा होने के बाद दोनों देशों के बीच शीर्ष स्तर पर पहली बैठक है। यह वार्ता ऐसे समय में हुई है, जब एक दिन पहले ही भारत और चीन ने पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर अपनी सेनाओं द्वारा गश्त करने के समझौते पर सहमति जताई थी।

### पांच साल बाद हुई हुर्रियत नेताओं की बैठक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** नई दिल्ली। जम्मू–कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटने के बाद पहली बार हुर्रियत के उदारवादी धड़े के नेताओं ने एक अनौपचारिक बैठक की। इस बैठक की अध्यक्षता मीरवाइज उमर फारूक ने की, जिनकी हाल ही में नजरबंदी खत्म हुई है। मीरवाइज ने कहा कि यह बैठक अनौपचारिक थी।

# पर्यावरण वाला कानून किसी काम का नहीं

## पलूशन बढ़ा तो सरकार पर खूब भड़का सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। दिल्ली–एनसीआर में प्रदूषण के बिगड़ते हालात पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट बेहद सख्त नजर आया। प्रदूषण को लेकर हुई सुनवाई में आज सर्वोच्च अदालत ने न सिर्फ राज्य बल्कि केंद्र के रवैये को लेकर भी गंभीर टिप्पणियां की हैं। इसी मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने पिछले हफ्ते भी हरियाणा और पंजाब सरकार को पराली जलाने वाले किसानों के खिलाफ कार्रवाई न करने के लिए खरी–खरी सुनाई थी। साथ ही दोनों राज्यों के मुख्य सचिवों को भी समन भेजा था।

मामले की सुनवाई कर रही जस्टिस अभय ओका, जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने आज शुरुआत में ही केंद्र सरकार को फटकारा और कहा कि केंद्र ने कोई मशीनरी नहीं बनाई है। पर्यावरण संरक्षण कानून को भी बेकार कर दिया गया है। आपने इस कानून की धारा 15 में बदलाव कर सजा को जुर्माने में बदलकर अपना पीछा छुड़ा लिया है।

इसके साथ ही आप जुर्माना लगाने के लिए जो प्रक्रिया अपनाई जानी चाहिए वो भी नहीं अपनाई जा रही। सेक्शन 15 ही एक ऐसी धारा थी जो इस कानून का पालन करवा रही थी। इस पर एएसजी एश्वर्य भाटी ने कहा कि अगले 10 दिन में इस धारा को पूरी तरह ऑपरेशन में ला दिया जाएगा। एएसजी ने अदालत को ये भी बताया कि हमने दोनों राज्यों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है, जिस पर उन्होंने बहुत भारी उत्तर दिए हैं। इस पर जस्टिस ओका बोले, यही तो सबसे परेशानी वाली बात है। कानून आपको अधिकार दे रहा है कि आप सजा दें। हमारे आदेश साफ दिखाते हैं कि आदेशों का पालन नहीं हो रहा।

### सरकारों में सच में पर्यावरण की फिक्र होती तो...

जस्टिस ओका बोले, अगर यह सरकारें सच में कानून का पालन कराना चाहतीं तो कम से कम एक मामले में सजा तो होती। पिछली बार वकील ने साफ तौर पर कहा था कि शायद किसानों पर कार्रवाई न करने की वजह राजनीतिक हो सकती है। बिल्कुल यह राजनीतिक ही है, इसके सिवाय क्या हो सकता है?

# अब वायनाड के पास होंगे दो सांसद: राहुल गांधी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। केरल की वायनाड लोकसभा सीट के उपचुनाव में उतरीं प्रियंका गांधी के लिए प्रचार में नेता विपक्ष राहुल गांधी भी पहुंचे। उन्होंने वायनाड में प्रचार के दौरान कहा कि आपके पास दो लोकसभा सांसद होंगे। एक आधिकारिक तौर पर प्रियंका गांधी होंगी और दूसरा मैं भी आपका ही सांसद हूं। प्रियंका के नामांकन दाखिल करने के बाद राहुल ने कहा कि मैं तो अब भी आपका ही सांसद हूं। राहुल गांधी ने आम चुनाव 2024 में वायनाड और रायबरेली से चुनाव लड़ा था। वह दोनों सीटों से जीत गए थे, लेकिन रिजल्ट आने के बाद उन्होंने वायनाड से इस्तीफा दे दिया।

उनके इस्तीफे के बाद ही कांग्रेस ने तय कर लिया था कि प्रियंका गांधी ही उनकी जगह चुनाव लड़ेंगी। हालांकि उनके नाम का ऐलान चुनाव शेड्यूल घोषित करने के बाद किया गया। प्रियंका गांधी का यह पहला लोकसभा चुनाव होगा। यदि वह जीतीं तो यह भी पहला ही मौका होगा कि वह किसी सदन की मेंबर बनेंगी।

राहुल गांधी ने वायनाड में कहा, मैं समझता हूं कि आप लोग इस रिश्ते को अच्छे से समझते होंगे। वायनाड के लोगों से मेरा खास रिश्ता रहा है। वायनाड ने मेरे लिए जो किया, उसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता।

**प्रचार**

■ प्रियंका के लिए वोट मांगने के दौरान भावुक राहुल

### ख्याल रखने वाली हैं प्रियंका

राहुल गांधी ने प्रियंका के बारे में कहा कि वह सभी का बहुत ख्याल रखने वाली हैं। उन्होंने कहा कि जब हम छोटे थे। मैं अकसर देखता था कि वह अपने दोस्तों की मदद करती थीं। मैं कहता था कि आपके दोस्त इसके लिए कभी सराहना नहीं करते। इस पर कहती थी कि भले ही न करें, लेकिन मुझे कुछ काम करने का मन है तो करना है।

*Are you Planning to make a Website or already have ?*
*If yes, then we are here to serve you*

What we do

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# अपराध को बढ़ावा देने का हो रहा काम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। विभिन्न एयरलाइन्स के विमानों को पिछले दिनों 100 से ज्यादा बार धमकियां मिली हैं। विमानों को मिली बम से उड़ाने की धमकियों के बीच केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने आज सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) को फटकार लगाई है। सभी धमकियां एक्स के ही माध्यम से दी गई थी।

संयुक्त सचिव संकेत एस भोंडवे ने एयरलाइनों और एक्स तथा मेटा जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के प्रतिनिधियों के साथ आज एक वर्चुअल बैठक की। अधिकारी ने कहा कि अब ऐसी स्थिति बन गई है कि मानों एक्स ही इन अपराध को बढ़ावा दे रहा हो। उन्होंने इस तरह की खतरनाक अफवाहों को फैलने से रोकने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में इन प्लैटफॉर्म के प्रतिनिधियों से भी सवाल किए।

बता दें कि पिछले कुछ दिनों में भारतीय एयरलाइनों की 120 से ज्यादा फ्लाइट्स को बम से उड़ाने की धमकियां मिली हैं। कल भी, इंडिगो, विस्तारा और एयर इंडिया द्वारा संचालित 30 उड़ानों को ऐसी धमकियां मिलीं।

■ विमानों को धमकियां मिलने पर सरकार नाराज

न्यूज डायरी



## हिजबुल्लाह चीफ नसरल्लाह का उत्तराधिकारी मारा गया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बेरूत। इजरायल की सेना ने हिजबुल्लाह प्रमुख हसन नसरल्लाह के उत्तराधिकारी हाशेम सफीद्दीन की मौत की पुष्टि की है। हाशेम सफीद्दीन की मौत के 19 दिन बाद इजरायली सेना ने यह खुलासा किया है। इजरायल की सेना ने कहा कि चार अक्टूबर को हाशेम सफीद्दीन हिजबुल्लाह के खुफिया विभाग के प्रमुख हुसैन अली हाजिमा के साथ मारा गया है। हाशेम सफीद्दीन हिजबुल्लाह की कार्यकारी परिषद का प्रमुख था और उसे नसरल्लाह का उत्तराधिकारी माना जा रहा था। चार अक्टूबर को इजरायल की सेना ने लेबनान के दहिया में स्थित हिजबुल्लाह के भूमिगत खुफिया मुख्यालय पर हमला किया था। उस वक्त हाशेम सफीद्दीन समेत कुल 25 लोग मुख्यालय में मौजूद थे। हालांकि अभी तक हिजबुल्लाह ने मौत की पुष्टि नहीं की है। यहां यह बताना जरूरी है कि हाशेम सफीद्दीन नसरल्लाह का चचेरा भाई था। 27 सितंबर को इजरायल ने एक एयर स्ट्राइक में हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह को ढेर किया था। इसके बाद से ही हाशेम सफीद्दीन अपने उप महासचिव नईम कासिम के साथ मिलकर इजरायल के खिलाफ मोर्चा खोल रहा था। हाशेम सफीद्दीन हिजबुल्लाह के जिहाद परिषद का हिस्सा था। सैन्य अभियानों की जिम्मेदारी इसी परिषद की होती है। सफीद्दीन की मौत हिजबुल्लाह के लिए बड़ा झटका है। इजरायल पहले ही चरमपंथी समूह के कई कमांडरों को ढेर कर चुका है।

## रूसी आक्रमण के बाद यूक्रेन की जनसंख्या में एक करोड़ लोग हो गए कम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कीव। रूस और यूक्रेन का युद्ध लगातार जारी है। इस युद्ध में अब तक कई लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, संयुक्त राष्ट्र ने मंगलवार को कहा कि रूस के आक्रमण के बाद से यूक्रेन की जनसंख्या में 10 मिलियन या लगभग एक चौथाई की कमी आई है, जिसका कारण शरणार्थियों का पलायन, प्रजनन क्षमता में गिरावट और युद्ध में हुई मौतें हैं। जिनेवा में एक समाचार सम्मेलन में बोलते हुए, संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष में पूर्वी यूरोप प्रमुख फ्लोरेंस बाउर ने कहा कि फरवरी 2022 में हुए आक्रमण ने पहले से ही कठिन जनसांख्यिकीय स्थिति को और अधिक गंभीर बना दिया है। उन्होंने कहा, जन्म दर में भारी गिरावट आई है और वर्तमान में यह प्रति महिला लगभग एक बच्चे पर है, जो दुनिया में सबसे कम में से एक है। स्थिर जनसंख्या बनाए रखने के लिए प्रति महिला 2.1 बच्चों की प्रजनन दर की आवश्यकता होती है। 1991 में सोवियत संघ के पतन के समय यूक्रेन की आबादी 50 मिलियन से ज्यादा थी, लेकिन अपने लगभग सभी पूर्वी यूरोपीय और मध्य एशियाई पड़ोसियों की तरह, इसकी आबादी में भी भारी गिरावट आई है। 2021 में, रूस के पूर्ण पैमाने पर आक्रमण से पहले के आखिरी साल में इसकी आबादी लगभग 40 मिलियन थी। बाउर ने कहा कि यूक्रेन की आबादी पर युद्ध के प्रभाव का सटीक हिसाब संघर्ष समाप्त होने तक ही लगाया जा सकेगा, जब पूरी जनगणना की जा सकेगी।

## कनाडा में बेरोजगारी ले रही है विकराल रूप, बदहाल हो रहा ट्रूडो का देश

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ओटावा। कनाडा में विदेश से आने वाले लोगों की एक बड़ी संख्या है। खासतौर से भारतीयों के लिए कनाडा एक सपनों का देश रहा है। हर साल लाखों की संख्या में भारतीय कनाडा जाने की कोशिश करते हैं। कनाडा के लिए माना जाता है कि यहां एक बार पहुंच जाएं तो आसानी से काम मिल जाता है और जिंदगी आसान हो जाती है लेकिन इस बात में पूरी तरह सच्चाई नहीं है। कनाडा भी बेरोजगारी और महंगाई के संकट से जूझ रहा है। कनाडा में बेरोजगारी और घरों के संकट पर काफी समय से बात हो रही है। अब इसकी सच्चाई संजू दहिया नाम के शख्स ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से दिखाई है, जो कनाडा में रहते हैं। संजू ने वैंकूवर से एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में सड़कों पर गंदगी नजर आ रही है और लोग सड़क किनारे बैठे दिख रहे हैं। इस वीडियो में संजू कह रहे हैं कि जब वह कनाडा आए तो चीजें अच्छी थीं लेकिन बीते कुछ सालों में हालात पूरी तरह से बदल गए हैं। आज कनाडा में बेरोजगारी और महंगाई ने हालात बिगाड़ दिए हैं। मंहगाई और घरों की कमी के चलते लोग सड़क परर रहने को मजबूर हो रहे हैं।

# रूस पहुंचे उत्तर कोरिया के 1500 सैनिकों ने बढ़ाई टेंशन

रिपोर्ट

### दक्षिणी कोरिया ने रूसी राजदूत को किया तलब, नाराजगी जताई

- हमारा सहयोग दक्षिण कोरिया के खिलाफ नहीं: रूस
- यूक्रेन के ड्रोन ने रूसी शराब संयंत्रों पर किया हमला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



सिओल। दक्षिण कोरिया ने सोमवार को रूस में तैनात उत्तर कोरियाई सैनिकों को तत्काल वापस बुलाने की मांग की है। इसके साथ ही उसने प्योंगयांग और मॉस्को के बीच बढ़ते सैन्य सहयोग का विरोध करने के लिए रूसी राजदूत को तलब किया है। दक्षिण कोरिया की जासूसी एजेंसी ने पुष्टि की है कि यूक्रेन के खिलाफ मॉस्को के युद्ध का समर्थन करने के लिए उत्तर कोरिया ने रूस में 1,500 विशेष ऑपरेशन बल भेजे हैं।

दक्षिण कोरिया से पहले यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा था कि उनकी सरकार को खुफिया जानकारी मिली है कि 10 हजार उत्तर कोरियाई सैनिकों को रूसी सेना में शामिल होने के लिए तैयार किया जा रहा है।

रूसी दूत जार्जी जिनोविएव के साथ एक बैठक के दौरान उप विदेश मंत्री किम होंग क्यून ने कहा कि दक्षिण कोरिया वैश्विक समुदाय के साथ मिलकर अपने राष्ट्रीय सुरक्षा हितों को खतरे में डालने वाली कार्रवाई से निपटने के लिए सभी साधन जुटाएगा। रूसी दूतावास ने जिनोविएव के हवाले से कहा कि रूसी–उत्तर कोरियाई सहयोग का उद्देश्य दक्षिण कोरिया के सुरक्षा हितों के खिलाफ नहीं है। रूसी अधिकारियों ने कहा कि यूक्रेन से रात भर हुए ड्रोन हमलों के कारण एक इथेनाल संयंत्र में विस्फोट से आग लग गई और रूस में दो अन्य शराब उत्पादक संयंत्रों को नुकसान पहुंचा है। टैम्बोव के गवर्नर मैक्सिम येगोरोव ने टेलीग्राम मैसेजिंग एप पर कहा कि विस्फोट से रूस के टैम्बोव क्षेत्र में बायोखिम जैव रासायनिक संयंत्र को हिलाकर रख दिया, जिससे थोड़ी देर के लिए आग लग गई थी। येगोरोव ने कहा कि हमले में कोई हताहत नहीं हुआ है। इस बीच उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया और अमेरिका के आरोपों का खंडन किया है। दोनों देशों ने उत्तर कोरिया पर रूस की सेनाओं को हथियार मुहैया कराने का आरोप लगाया। उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया की जासूसी एजेंसी के इस दावे की आलोचना की, जिसमें कहा गया कि प्योंगयांग ने अपने विशेष बलों को रूस भेजा है।

उधर, रूस ने भी उत्तर कोरिया के सैन्य बलों की तैनाती की पुष्टि नहीं की है। मगर उसने उत्तर कोरिया के साथ अपने सैन्य सहयोग का बचाव किया। रूस ने सोमवार को कहा कि उत्तर कोरिया के साथ हमारा सहयोग दक्षिण कोरिया की सुरक्षा हितों के विरुद्ध नहीं है। प्योंगयांग और मॉस्को उत्तर कोरिया की स्थापना के समय से ही सहयोगी हैं। मगर 2022 में यूक्रेन के साथ युद्ध ने और करीब ला दिया है।

## तनाव के बीच ईरान के राष्ट्रपति से मिले पीएम मोदी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** कजान। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रूस में ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन से मुलाकात की। जुलाई में ईरान का राष्ट्रपति चुने जाने के बाद मोदी से इस पहली मुलाकात में पेजेश्कियन ने पश्चिम एशिया में शांति की जरूरत एवं तनाव कम करने में भारत की भूमिका पर बल दिया क्योंकि उसके सभी पक्षों के साथ अच्छे संबंध हैं।

ब्रिक्स सम्मेलन से इतर इस मुलाकात में दोनों नेताओं के बीच चाबहार बंदरगाह और अंतरराष्ट्रीय उत्तर–दक्षिण परिवहन गलियारे (आइएनएसटीसी) पर भी बात हुई। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि राष्ट्रपति पेजेश्कियान के साथ मुलाकात अच्छी रही और उन्होंने रिश्तों की समीक्षा की। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि वार्ता उपयोगी रही।

दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया में जारी तनाव पर चिंता जताई और भारत ने नागरिकों की सुरक्षा का आह्वान किया। मिसरी ने बताया कि दोनों नेताओं ने अफगानिस्तान की स्थिति पर भी चर्चा की। प्रधानमंत्री ने ईरानी राष्ट्रपति को भारत आने का न्योता दिया जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। दोनों नेताओं के बीच यह मुलाकात ऐसे समय हुई है जब इजरायल, हमास और हिजबुल्ला के बीच संघर्ष बढ़ गया है।



## भीषण तूफान ने रोका सुनीता विलियम्स की वापसी का रास्ता

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** फ्लोरिडा। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को आईएसएस से धरती पर लाने के लिए नासा और स्पेसएक्स द्वारा चलाए जा रहे स्पेस क्रू–8 मिशन की धरती पर वापसी टल गई है। इस मिशन की धरती पर वापसी के बाद स्पेस क्रू–9 मिशन चलाया जाएगा। अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने मंगलवार को कहा कि फ्लोरिडा में भीषण तूफान के कारण मिशन की वापसी बुधवार तक टल गई है। नासा ने कहा कि मौसम अभी भी इतना अस्थिर है कि अनडॉकिंग का प्रयास नहीं किया जा सकता। स्पेस क्रू–8 मिशन से जुड़े अंतरिक्ष यात्री अभी आईएसएस में ही हैं, जहां सुनीता विलियम्स और बुल विल्मोर फंसे हैं। मिशन के अधिकारी कोई भी अंतिम निर्णय लेने से पहले मौसम की स्थिति पर कड़ी नजर रख रहे हैं। क्रू–8 के सदस्य मैथ्यू डोमिनिक, माइक बैरेट, जीनेट एप्स (सभी नासा से) और रोस्कोस्मोस के अलेक्जेंडर ग्रेबेन्किन ने योजनाबद्ध प्रस्थान की तैयारी की है।

# चुनाव के बाद हिंसा भड़का सकते हैं रूस, ईरान और चीन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

### अमेरिका के खुफिया अधिकारियों का बड़ा खुलासा

वाशिंगटन। अमेरिकी खुफिया अधिकारियों ने देश में पांच नवंबर को होने जा रहे चुनाव से पहले रूस, चीन और ईरान द्वारा अमेरिकियों को फूट डालकर बरगलाने और चुनाव बाद हिंसा भड़काने का शक जताया है। खुफिया अधिकारियों ने अमेरिकी चुनाव की सुरक्षा पर पत्रकारों को जानकारी देते हुए यह आशंका व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि विदेशी ताकतें अपनी मंशा पूरी करने को हिंसा फैलाने के लिए धमकियों और दुष्प्रचार का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। ये ताकतें अनिश्चितता पैदा कर चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करना चाहती हैं। उन्होंने बताया कि विदेशी ताकतें खासकर रूस, ईरान और चीन समाज में विघटन पैदा करने पर उतारू हैं। डाइरेक्टर ऑफ नेशनल इंटेलीजेंस ऑफिस के एक अधिकारी ने कहा कि ये ताकतें अपना मकसद हासिल करने के लिए इन गतिविधियों में लगातर सक्रिय हैं। हालांकि उक्त अधिकारी ने यह बात नहीं स्वीकारी कि इन गतिविधियों में तीनों देश मिलकर अंजाम दे रहे हैं।

अमेरिकी की खुफिया एजेंसी ने बताया कि जनवरी में रूसी सैन्य खुफिया ने अमेरिका में विरोध प्रदर्शन आयोजित करने के लिए एक अमेरिकी को भर्ती करने की कोशिश की। ज्ञापन में कहा गया कि अमेरिकी संभवतः अनजाने में था और उसे नहीं पता था कि वह रूसी एजेंटों के संपर्क में है। अधिकारियों ने कहा कि इस साल चुनाव के बाद अमेरिका के किसी विरोधी द्वारा राजनीतिक हिंसा को बढ़ावा दिए जाने का जोखिम अधिक है। 6 जनवरी, 2021 को ट्रम्प समर्थकों द्वारा यूएस कैपिटल पर किए गए हमले ने यह भी उजागर किया कि चुनाव परिणामों के बारे में झूठे और भ्रामक दावे कितनी आसानी से वास्तविक दुनिया में घातक कार्रवाई को ट्रिगर कर सकते हैं।

इसमें कहा गया है कि मतदान के दिन और नए राष्ट्रपति के पदभार ग्रहण करने के बीच की अवधि विशेष जोखिम वाली है। भ्रामक दावों और अनियमितताओं का आरोप लगा चुनाव को बाधित किया जा सकता है। अधिकारियों ने यह भी कहा कि ध्रुवीकरण के कारण राजनीतिक हिंसा की आशंका बढ़ गई है।

## भारत विरोधी पत्रकार का यूनुस सरकार ने बढ़ाया कद


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ढाका। विवादित पत्रकार और एक्टिविस्ट मुश्फिकुल फजल अंसारी को बांग्लादेश की मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने विदेश में अपने मिशनों में से एक के लिए राजदूत नियुक्त किया है। फजल अपने कथित भारत विरोधी रुख और अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ एक दशक लंबा अभियान चलाने के लिए जाने जाते हैं। फजल को हसीना सरकार के समय बांग्लादेश छोड़ना पड़ा था। एक दशक के निर्वासन के बाद वह 12 सितंबर को बांग्लादेश लौटे हैं। मौजूदा सरकार ने उनको नियुक्ति के तौर पर ये तोहफा दिया है। बांग्लादेश के लोक प्रशासन मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी करते हुए अंसारी की नियुक्ति की पुष्टि की है। फजल भारत में तब चर्चा में आए थे, जब मार्च में अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर के साथ दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर एक प्रेस वार्ता की थी।

# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# देवभूमि रजतोत्सव के रूप में मनेगा राज्य स्थापना दिवस

**बैठक**

## चमोली में रजतोत्सव पर आयोजित होंगे विशेष कार्यक्रम

**संवाददाता**



चमोली। उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस इस वर्ष ''देवभूमि रजतोत्सव'' के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। राज्य स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर बुधवार को अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। जिसमें उत्तराखंड की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण (भराड़ीसैंण) में देवभूमि रजतोत्सव का भव्य आयोजन हेतु सभी व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

इस वर्ष 09 नवंबर को राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ का शुभारंभ होगा। रजत जयंती की शुरूआत पर शहीदों राज्य आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि के साथ तहसील स्तर पर सभी राज्य आंदोलनकारियों को सम्मानित किया जाएगा। शहीद स्मारकों पर माल्यार्पण किया जाएगा। सभी सरकारी भवनों को प्रकाशमान किया जाएगा। ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में पुलिस की भव्य रैतिक परेड एवं विद्यालयों के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

विकास विभाग द्वारा बहुउद्देशीय शिविर लगाकर विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी के लिए स्टॉल लगाए जाएगें। राज्य के विकास में विशेष योगदान करने वाले गणमान्य नागरिकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। सभी नगर पालिका एवं नगर पंचायतों में राज्य स्थापना दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित करने के साथ वृहद स्वच्छता अभियान एवं स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। खेल विभाग के माध्यम से विभिन्न क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। ''पं0 दीनदयाल उपाध्याय शैक्षिक उत्कृष्टता पुरस्कार'' हेतु चयनित अभ्यर्थियों को भी राज्य स्थापना दिवस पर पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

अपर जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को राज्य स्थापना दिवस पर प्रस्तावित कार्यक्रमों की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। बैठक में परियोजना निदेशक आनंद सिंह, मुख्य शिक्षा अधिकारी धर्म सिंह, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल सुबोध शुक्ल, क्रीडा अधिकारी गिरीश कुमार, पर्यावरण एवं सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश तिवारी सहित समस्त विभाग एवं नगर पालिका के अधिकारी मौजूद थे।

## न्यूज डायरी

### 14 दिसम्बर को किया जाएगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**संवाददाता** चमोली। 14 दिसम्बर को जनपद के सभी न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव पुनीत कुमार ने बताया कि 14 दिसम्बर द्वितीय शनिवार को जिला न्यायालय परिसर गोपेश्वर व बाह्य न्यायालय जोशीमठ, कर्णप्रयाग, थराली, पोखरी तथा गैरसैंण में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसमें फौजदारी के मामले, एन.आई.एकट, मोटर दुर्घटना प्रतिकर, वैवाहिकध्कुटुम्ब न्यायालयों के मामले, श्रम, भूमि अर्जन के मामले, सिविल अपील व राजस्व के मामले, मनरेगा, विद्युत, जलकर के बिलों, बिक्री कर, आयकर, अप्रत्यक्ष कर, वेतन भत्तों, वन, आपदा प्रतिकर व अन्य मामलों का निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने सभी न्यायालयों से अनुरोध किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में लम्बित वादों को लोक अदालत के माध्यम से निस्तारण करने का कष्ट करें, साथ ही उन्होंने बताया कि वाहन चालान से संबंधित वादों का निस्तारण किया जाएगा।

### 26 को होगा नौटी में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन

**संवाददाता** चमोली। 26 अक्टूबर को नौटी में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कर्णप्रयाग ब्लॉक के नौटी में 26 अक्टूबर(शनिवार) को 11 से 2 बजे तक बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जनता की समस्याओं, शिकायतों को स्थानीय स्तर पर निराकरण करने के साथ ही सरकार की योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को शिविर में प्रतिभाग करने तथा स्टॉल लगाने के निर्देश दिए।

### गोपेश्वर मुख्य बाजार में महिलाओं की सुविधा के लिए बनेगा पिंक टायलेट

**संवाददाता** चमोली। गोपेश्वर मुख्य बाजार में महिलाओं को शौचालय की होने वाली परेशानी से जल्द ही निजात मिल जाएगी। यहां नगर पालिका प्रशासन की ओर से मुख्य बाजार में पिंक टॉयलेट के निर्माण के लिए भूमि चयनित कर डीपीआर तैयार कर ली है। योजना को स्वीकृति मिलते ही निर्माण कार्य शुरु कर लिया जाएगा।

नगर पालिका परिषद गोपेश्वर–चमोली के अधिशासी अधिकारी मानवेंद्र सिंह रावत ने बताया कि गोपेश्वर नगर क्षेत्र में पालिका की ओर से 16 सार्वजनिक शौचालयों का संचालन किया जा रहा है। जिनमें 20 सीट महिलाओं के उपयोग के लिए बनाई गई हैं। वहीं नगर क्षेत्र में सुलभ इंटरनेशनल की ओर से भी दो शौचालयों का संचालन किया जा रहा है।

## उत्तराखंड अध्यापक पात्रता प्रथम एवं द्वितीय की परीक्षा आज होगी आयोजित

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। उत्तराखंड अध्यापक पात्रता प्रथम एवं द्वितीय परीक्षा 2024 तहसील रुद्रप्रयाग के अंतर्गत 02 परीक्षा केंद्रों में आज प्रातः 10 से 12:30 बजे तथा 2 बजे से 4:30 बजे तक दो पालियों आयोजित की जाएंगी। उक्त परीक्षा अवधि के दौरान परीक्षा केंद्रों में धारा–163 प्रभावी रहेगी।

उप जिला मजिस्ट्रेट रुद्रप्रयाग आशीष चंद्र घिल्डियाल ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए अवगत कराया है कि तहसील रुद्रप्रयाग के अंतर्गत उत्तराखंड अध्यापक पात्रता प्रथम एवं द्वितीय परीक्षा 2024 बृहस्पतिवार (24 अक्टूबर) को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज रुद्रप्रयाग तथा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अगस्त्यमुनि में दो पालियों में आयोजित की जाएंगी। बताया कि उक्त परीक्षा अवधि के दौरान परीक्षा केंद्रों के 100 गज की परिधि में परीक्षा प्रारंभ के समय से समाप्ति तक धारा–163 प्रभावी रहेगी। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्र से 100 मीटर की परिधि में पांच से उससे अधिक व्यक्तियों को एक साथ एकत्रित होने पर निषिद्ध किया गया है। इसके साथ ही परीक्षा के दौरान कोई भी व्यक्ति परीक्षा केंद्रों के निकट बिना अनुमति आग्नेयास्त्र, लाठी, डंडा, चाकू हॉकी, स्टिक खुखरी, तलवार आदि सहित कोई शस्त्र, पटाखे, बम व अन्य ज्वलनशील पदार्थ किसी प्रकार का बारूद या बिना बारूद वाला शस्त्र लेकर नहीं चलेगा।

साथ ही परीक्षा केंद्रों के आस–पास मार्गों, पैदल मार्गों पर न तो कोई व्यक्ति अवरोध उत्पन्न करेगा और न ही ऐसा करने का प्रयास करेगा। उक्त आदेशों का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता की धारा–223 के अंतर्गत कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।



## नर्सिंग कालेज गोपेश्वर ने किया शुरू किया वार्षिक खेल सप्ताह

**संवाददाता** चमोली। बुधवार को नर्सिंग कॉलेज गोपेश्वर ने अपने वार्षिक खेल सप्ताह–2024 का शुभारंभ खेल मैदान गोपेश्वर में किया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस उपाधीक्षक चमोली संजय गर्ब्याल महोदय उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने खेलों के महत्व पर जोर देते हुए छात्राओं को प्रोत्साहित किया कि वे खेलों में भाग लें और अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएं। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक ने समारोह के दौरान खिलाड़ियों के साथ संवाद किया, उनके हौसले को बढ़ाया और खेलों के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि "आज का यह आयोजन केवल खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि एक ऐसे मंच की पहचान है जहां आप अपनी कड़ी मेहनत और प्रतिभा को प्रदर्शित कर सकते हैं।" उनके द्वारा दिए गए संदेश ने सभी प्रतिभागियों को प्रेरित किया और एक सकारात्मक दृष्टिकोण को मजबूत किया।

## 2025 गणतंत्र दिवस परेड के लिए पंचायतों के बीच प्रतियोगिता का आयोजन

**संवाददाता**

चमोली। भारत सरकार ने 2025 गणतंत्र दिवस परेड में प्रत्येक जिले से दो ग्राम प्रधानों को विशेष अतिथि के रूप में सम्मानित करने हेतु एक विशेष प्रतियोगिता का आयोजन किया है। इस प्रतियोगिता का उदेश्य ग्राम पंचायतों में विभिन्न सरकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन और संतृप्ति (सैचुरेशन) को बढ़ावा देना है।

जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि यह पहल पंचायतों के उत्कृष्ट कार्य को प्रोत्साहित करना और उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्रदान करना है। पंचायत को सरकारी योजना से सैचुरेट करने वाले प्रधानों को 2025 गणतंत्र दिवस दिवस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में सम्मानित किया

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित मूल्यांकन समिति करेगी फैसला

जाएगा। उन्होंने बताया कि ग्राम प्रधानों का चयन 10 प्रमुख सरकारी योजनाओं के तहत प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा। जिसमें हर घर जल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मिशन इन्द्रधनुष, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान योजना), प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री पोषण योजना और किसान क्रेडिट कार्ड योजना (कृषि, पशुपालन और मत्स्य पालन) शामिल है।

जिले में ग्राम प्रधानों के चयन हेतु मूल्यांकन समिति का गठन किया गया है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति में जिला परिषद के सीईओ, पंचायत राज अधिकारी, परियोजना निदेशक और संबंधित योजनाओं के रेखीय विभागों के अधिकारी शामिल किए गए है।

पंचायत क्षेत्रों में कुल पात्र लाभार्थियों में से 90 प्रतिशत या उससे अधिक को योजना का लाभ पहुंचाने पर उसे संतृप्त (सैचुरेशन) माना जाएगा। ऐसी पंचायतें जिन्होंने कम से कम 06 योजनाओं में संतृप्ति प्राप्त की है, उन्हें जिला स्तर पर भाग लेने के लिए पात्र माना जाएगा। अधिकतम योजनाओं में संतृप्ति प्राप्त करने वाली पंचायतों को उच्च प्राथमिकता दी जाएगी। स्थानीय पहलों, नवाचारों और सामुदायिक सहभागिता को 20 प्रतिशत अतिरिक्त भार के रूप में मूल्यांकन में जोड़ा जाएगा।

## छात्रसंघ चुनाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट का निर्णय प्रस्तुत करें

**संवाददाता** नैनीताल। हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता और राज्य सरकार को निर्देश दिए हैं कि वे लिंगदोह कमेटी को लेकर सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिया गया निर्णय कोर्ट में प्रस्तुत करें। विश्वविद्यालयों और डिग्री कॉलेजों में छात्रसंघ चुनाव न कराए जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर बुधवार को सुनवाई करते हुए कोर्ट ने यह निर्णय आज को प्रस्तुत करने को कहा है। याचिका पर आज भी सुनवाई जारी रहेगी। देहरादून निवासी सामाजिक कार्यकर्ता महिपाल सिंह ने हाईकोर्ट में इस संबंध में जनहित याचिका दायर की है। उन्होंने न्यूज पेपर में छपी 25 अक्तूबर को विश्वविद्यालयों और डिग्री कॉलेजों में छात्रसंघ चुनाव कराने की खबर के संज्ञान का हवाला याचिका में दिया है। बुधवार को कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी एवं न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा की खंडपीठ ने इस याचिका पर सुनवाई की।





# नए दौर की शुरुआत

**जैसा कि पहले से माना जा रहा था इन चुनावों के नतीजे न सिर्फ जम्मू–कश्मीर और हरियाणा की जनता और वहां की राजनीति के लिहाज से अहम हैं बल्कि कई महत्वपूर्ण मसलों पर राष्ट्रीय राजनीति का रुख भी इनसे प्रभावित होने वाला है।**

अनुज श्रीवास्तव।।

जम्मू–कश्मीर और हरियाणा के चुनाव नतीजों ने किसी तरह के असमंजस की गुंजाइश नहीं छोड़ी है। इसके संदेश बिल्कुल स्पष्ट हैं। जैसा कि पहले से माना जा रहा था इन चुनावों के नतीजे न सिर्फ जम्मू–कश्मीर और हरियाणा की जनता और वहां की राजनीति के लिहाज से अहम हैं बल्कि कई महत्वपूर्ण मसलों पर राष्ट्रीय राजनीति का रुख भी इनसे प्रभावित होने वाला है।

जम्मू–कश्मीर के लिए ये नतीजे निश्चित रूप से एक नए दौर का संकेत माने जा सकते हैं। दस साल के अंतराल के बाद हुए इन चुनावों में आम लोगों की जैसी भागीदारी रही और जिस तरह से अलगाववादी धारा का हिस्सा रहे लोग भी चुनावी राजनीति की राह अख्तियार करते दिखे, वह न सिर्फ देश बल्कि पूरी दुनिया के लिए एक पॉजिटिव संदेश है। सबसे बड़ी बात– नैशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन को स्पष्ट बहुमत मिला, जिस पर चुनावी मुकाबले में कुछ पीछे रह गई पीडीपी ने भी संतोष जताया।




इन चुनावों ने जिस एक बात पर सबसे ज्यादा जोर दिया, वह है जम्मू–कश्मीर को राज्य का दर्जा। यह इकलौती ऐसी बड़ी मांग रही, जिस पर ठश्रच समेत सभी पक्षों की सहमति है। शांतिपूर्ण चुनाव, उत्साहवर्धक जनभागीदारी और स्पष्ट जनादेश– ये तीनों ही बातें इस पर जोर दे रही हैं कि अब इसमें और देर नहीं करनी चाहिए। जितनी जल्दी संभव हो जम्मू–कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल होना चाहिए। हरियाणा में दस साल की कथित सत्ता विरोधी लहर को मात देते हुए ठश्रच ने जो तीसरी बार सत्ता में वापसी की है, वह कांग्रेस के लिए बड़ा झटका है। 'किसान, जवान और पहलवान' के नाम पर जो नैरेटिव लंबे समय से चलाया जा रहा था, वह अब अपनी चुनावी उपयोगिता खोता दिख रहा है। कांग्रेस के हार स्वीकार करने से पहले ही जिस तरह से विपक्षी गठबंधन ए.छ.क्.ए.।. के दो घटक दलों दृ आम आदमी पार्टी और शिवसेना– ने कांग्रेस के रुख को निशाना बनाना शुरू कर दिया, उससे साफ है कि ये नतीजे विपक्षी राजनीति में कांग्रेस की राह मुश्किल बनाने वाले हैं।

जहां तक राष्ट्रीय राजनीति में सत्तारूढ़ खेमे की बात है तो वहां भी ये चुनाव बीजेपी नेतृत्व के लिए राहत लेकर आए हैं। लोकसभा चुनाव में सीटें कम होने के बाद यह चर्चा तेज हो गई थी कि घटक दलों के दबाव में सरकार चलाना आसान नहीं साबित होने वाला।

संघ और बीजेपी के कुछ नेताओं के असुविधाजनक बयान भी चर्चा बटोर रहे थे। इन सबसे यह परसेप्शन बन रहा था कि पार्टी पर मौजूदा नेतृत्व की पकड़ कमजोर हो रही है। चुनाव नतीजे इन असंतुष्ट गतिविधियों पर अंकुश लगाने का काम कर सकते हैं।

## तबाही का मंजर




**अशोक वोहरा।** लोहार को मरने की बिल्कुल भी इच्छा नहीं थी उन्होंने सोचा कि चलो मैं दाल चावल और प्राकृतिक चीजें खाकर ही गुजारा कर लूंगा लेकिन मैं अपनी मृत्यु का मजा नहीं सकूंगा। फिर उसने चावल दाल और प्राकृतिक चीजें खाना शुरू कर दिया था। यमराज जी को उस कुर्सी पर बैठे करीब करीब 1 साल बीत गए थे पूरी दुनिया में तबाही का मंजर था क्योंकि किसी की भी मृत्यु में ना होने के कारण आसमान पूरी तरह से मच्छर मक्खियों से काला पड़ गया था। उसके बाद खेतों खा लिया हनों में पूरी सदस्य हैं तितलियां और मधुमक्खियां तथा जानवर बहुत ज्यादा हो गए थे जिस कारण से खेत खलियान के सभी फसलें एक दिन में ही कहा जाया करता था।

...... शेष कल

# संपादकीय

## पाकिस्तान की मनमानी

वर्ल्ड बैंक का कहना था कि 'तटस्थ विशेषज्ञ' और कोर्ट, दोनों के परस्पर विरोधी फैसले आ सकते है, इसलिए यह जायज नहीं है। लेकिन, 2022 में वर्ल्ड बैंक ने पाकिस्तान की मांग मान ली और दोनों का गठन कर लिया। इस समांतर न्याय व्यवस्था का भारत ने विरोध किया और हेग स्थित 'कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन' में अपने दो जज नहीं भेजे। भारत के बिना ही अब वहां मामला चल रहा है। 2023 में भारत ने संधि पर नए सिरे से वार्ता का प्रस्ताव दिया। पाकिस्तान को यह प्रस्ताव मंजूर नहीं है। यह शायद दुनिया की पहली और आखिरी जल संधि है, जो वर्ल्ड बैंक ने कराई। वर्ल्ड बैंक की भूमिका को समझने के लिए 60 के दशक के हालात पर गौर करना होगा, जैसे कि पाकिस्तान की कश्मीर में घुसपैठ, स्वतंत्र भारत में सेना की स्थिति, शीत युद्ध के चलते भारत का रूस की ओर झुकाव और इससे पश्चिमी देशों का भारत के खिलाफ पाकिस्तान को समर्थन। लेकिन, पिछले 75 बरसों में सीन काफी बदल चुका है। भारत अब अपनी बात रख सकता है और उसके लिए यही सही समय है।

**पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा था, 'सिंधु में जल और खून एक साथ नहीं बह सकते।' केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सिंधु का पानी बंद करने की चेतावनी दी थी।**

# भारत की चिंता

गंगाधर ढोबले।।

जब भूगोल पानी और पहाड़ों की सरहदें बनाता है, तब इतिहास घटता है और इतिहास के घटने के साथ भूगोल भी बदलता रहता है। इसका सबूत है पिछले 75 वर्षों से किसी न किसी रूप में चल रहा सिंधु जल विवाद। इसकी जड़ में है भारत का विभाजन। यह विभाजन पाकिस्तान की कटुता और शत्रुता की बुनियाद पर हुआ है। इससे सिंधु का गौरवशाली इतिहास मटियामेट हो गया। कभी वैदिक काल (ईसा पूर्व 1500 से 500 वर्ष) में वेदों की रचना करने वाले सिंधु के तटों ने सिकंदर (ईसा पूर्व 233 वर्ष) से लेकर मुगलों, अंग्रेजों से होकर नेहरू तक, कई रणसंग्राम और राजनीतिक उतार–चढ़ाव देखे। यह सिलसिला आज भी कुछ भिन्न रूप में चल रहा है और शायद आगे भी चलता रहेगा। इस पृष्ठभूमि का ताजा संदर्भ है सिंधु जल संधि पर नए सिरे से वार्ता की भारत की मांग। भारत की चिंता के मुख्य विषय हैं– इस परिक्षेत्र में बढ़ती आबादी, पाकिस्तान से निरंतर आता आतंकवाद, जल बंटवारे में भारत के प्रति अन्याय, विवाद की स्थिति में फैसले के प्रावधान समय के अनुरूप बनाना, पर्यावरण की समस्या और स्वच्छ ऊर्जा के विकास को बढ़ावा देकर कार्बन उत्सर्जन को कम करना।



उरी में भारतीय फौजी ठिकाने पर हुए आतंकी हमले के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा था, 'सिंधु में जल और खून एक साथ नहीं बह सकते।' केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सिंधु का पानी बंद करने की चेतावनी दी थी। ऐसे जल–अस्त्र का प्रयोग संभव है, क्योंकि फिरोजपुर हेडवर्क जैसी सतलुज का पानी उलीचने वाली परियोजना प्रवाह के ऊपर की दिशा में है, जबकि पाकिस्तान का हुसैनीवाला हेडवर्क जैसी परियोजना प्रवाह की निचली दिशा में। भारत ज्यादा पानी उठा ले या प्रवाह को रोककर कहीं और मोड़ दे, तो पाकिस्तान के प्रॉजेक्ट ठप पड़ जाएंगे।

वर्ल्ड बैंक के नेतृत्व में 1951 से लेकर 1959 तक दोनों देशों के बीच चर्चाओं के दौर चले थे। अंत में 19 सितंबर 1960 को कराची में संधि हुई। सिंधु जल क्षेत्र में कुल छह नदियां हैं। इनमें पश्चिम की सिंधु, झेलम और चिनाब पाकिस्तान को मिलीं, जबकि पूरब की सतलुज, ब्यास और रावी भारत के हिस्से में आईं।

पाकिस्तानी इलाके की नदियों का लगभग 80 प्रतिशत पानी पाकिस्तान के हिस्से में आया, जबकि भारत को 20: मिला। पूरब की नदियों का 70 प्रतिशत पानी पाकिस्तान को और केवल 30: पानी भारत को मिला। 6 नदियों को मिला दिया जाए तो लगभग 75 प्रतिशत पानी पाकिस्तान को और केवल 25 प्रतिशत भारत को मिला। यही नहीं, पाकिस्तान के पंजाब इलाके में जल परियोजनाओं के लिए वर्ल्ड बैंक के साथ भारत ने भी 6 करोड़ 20 लाख पाउंड का अंशदान दिया।

संधि का समय ध्यान में रखने लायक है। संसद सत्र 9 सितंबर 1960 को खत्म हुआ और इसके 10 दिन बाद संधि पर हस्ताक्षर हुए। 30 नवंबर 1960 को संसद के अधिवेशन में इस पर जबरदस्त हंगामा हुआ। जयप्रकाश नारायण, आचार्य नरेंद्र देव, राम मनोहर लोहिया और अटल बिहारी वाजपेयी समेत कई विपक्षी सदस्यों ने सरकार से पूछा कि क्यों भारत के हितों को तिलांजलि दी गई? तत्कालीन पीएम जवाहरलाल नेहरू का जवाब था कि 'मानवीयता के आधार' पर पाकिस्तान को रियायत दी गई। इस अन्याय को छोड़ने का समय अब आ गया है।

### अष्टयोग-4903

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | | | 2 | | 3 |
| | 35 | 6 | 30 | 1 | 32 | 7 |
| 7 | 5 | | 3 | | 4 | |
| | 29 | 2 | 31 | 4 | 31 | |
| 2 | 4 | | | | 6 | |
| | 29 | | 40 | 5 | 34 | 6 |
| 5 | 1 | 3 | | 7 | | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 4902 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 |
| 2 | 39 | 1 | 29 | 6 | 26 | 5 |
| 5 | 6 | 7 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 4 | 30 | 2 | 25 | 1 | 34 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 6 | 30 | 6 | 39 | 4 | 35 | 3 |
| 3 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 2 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## अपना ब्लॉग

### वर्तमान विवाद

**मोहन।** 2005 में पाकिस्तान ने जम्मू–कश्मीर की किशनगंगा और रतले जल विद्युत परियोजनाओं की डिजाइन पर आपत्ति उठाई थी। किशनगंगा नदी को पाकिस्तान में नीलम कहा जाता है और वह पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और भारत की अस्थायी सरहद है। भारत का कहना था कि यदि कोई विवाद हो तो संधि में मौजूद चार विकल्पों का एक–एक कर इस्तेमाल किया जाए। पहला विकल्प है, स्थायी सिंधु जल आयोग के समक्ष विवाद पेश करना, दूसरा– वर्ल्ड बैंक द्वारा नामित तटस्थ विशेषज्ञ से सलाह लेना, तीसरा– वर्ल्ड बैंक को फैसले के लिए मामला सौंपना और चौथा विकल्प है– स्थायी 'कोर्ट ऑफ आर्बिट्राज' गठित करना। भारत चाहता था कि पहले तीन विकल्पों का इस्तेमाल होने के बाद ही अंतरराष्ट्रीय कोर्ट तक पहुंचा जाए। माना जाता है कि दोनों पक्ष 'तटस्थ विशेषज्ञ' पर लगभग सहमत हो गए थे, लेकिन 2016 में पाकिस्तान ने 'कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन' की मांग कर दी और मामला उलझ गया।






## निमरत ने मॉडलिंग से करियर की शुरुआत की थी, लेकिन विज्ञापन से फेमस हुईं

कई महीने बीत गए हैं, लेकिन ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन के तलाक की चर्चा रुकने का नाम नहीं ले रही है। अब इसमें बॉलीवुड एक्ट्रेस निमरत कौर का भी नाम जोड़ा जा रहा है। कहा जा रहा है कि उनकी वजह से ही ऐश का बसा–बसाया घर टूटा है! इस बात में कितनी सच्चाई है, ये तो बच्चन परिवार और निमरत के बताने पर ही मालूम पड़ेगा। खैर। हम आपको निमरत के बारे में कुछ अनसुने किस्से बताने जा रहे हैं, जो शायद ही आप जानते होंगे। निमरत कौर ने अक्षय कुमार से लेकर इरफान तक के साथ काम किया है। अंग्रेजी मूवी में भी नजर आ चुकी हैं। 42 साल की निमरत ने अभी तक शादी नहीं की है और निजी जिंदगी में पिता की हत्या के दर्द से गुजर चुकी हैं। निमरत कौर का जन्म 13 मार्च 1982 को राजस्थान के पिलानी में एक सिख परिवार में हुआ था। उनके पिता मेजर भूपिंदर सिंह एससी भारतीय सेना अधिकारी थे और उनकी एक छोटी बहन रुबीना हैं, जो बेंगलुरु में मनोवैज्ञानिक है। उनका परिवार पटियाला में रहता था और उन्होंने यादविन्द्रा पब्लिक स्कूल, पटियाला से पढ़ाई की। 1994 में निमरत एक सदमे से गुजरी थीं। वो सिर्फ 12 साल की थीं, जब उनके पिता की हत्या कर दी गई थी। कश्मीरी विद्रोहियों ने उन्हें किडनैप कर लिया था और मार दिया था।

## मीका सिंह ने भाई सलमान खान के लिए लॉरेंस बिश्नोई से लिया सीधा पंगा

सलमान खान के करीबी दोस्त और एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद उनके फैंस उनकी सुरक्षा को लेकर चिंता में हैं, जिसकी जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली है। हाल ही में एक स्टेज परफॉर्मेंस के दौरान सिंगर मीका सिंह ने संजय गुप्ता की फिल्म श्शूटआउट एट लोखंडवालाश का एक गाना गाकर सलमान के लिए अपना सपोर्ट दिखाया। एक वायरल वीडियो में, मीका ने सलमान को गाना डेडिकेट करने के लिए लाइव दर्शकों के सामने अपनी परफॉर्मेंस रोक दी। वीडियो में, सिंगर को यह कहते हुए देखा जा सकता है, सलमान खान के लिए ये लाइन है...भाई हूं मैं भाई, तू फिकर ना कर।श मीका ने गाने के कुछ गंदे शब्दों को भी आगे गाया और कहा, उसकी मां को, उसकी बहन को सबको देख लूंगा, तुम्हारे आगे जो भी आएगा मैं उसे संभाल लूंगा। शूटआउट एट लोखंडवाला का गाना गणपत विवेक ओबेरॉय पर फिल्माया गया है, जो क्राइम एक्शन–थ्रिलर में अंडरवर्ल्ड गैंगस्टर का रोल प्ले करते रहे हैं। मीका के इस बड़बोले कदम के बाद इंटरनेट पर लोग उनकी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। लोगों ने उनके वीडियो पर रिएक्ट किया है। एक ने कहा– अपने पैरों में कुल्हाड़ी मारना इसको कहते हैं।

## हॉलीवुड डायरेक्टर हार्वे वेनस्टेन को दुर्लभ कैंसर की बीमारी



बदनाम हॉलीवुड फिल्ममेकर हार्वे वेनस्टेन को दुर्लभ बोन मैरो कैंसर का पता चला है। 72 साल के हार्वे इस वक्त न्यूयॉर्क की जेल में हैं और वहीं पर उनका इलाज चल रहा है। 2017 के मीटू मूवमेंट के दौरान हार्वे वेनस्टेन सबसे बदनाम शख्सियत बनकर उभरे। उन पर 80 से अधिक महिलाओं ने यौन शोषण, यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगाए। हार्वे को एक महीने पहले ही एक नए रेप के आरोप में दोषी ठहराया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक, हार्वे वेनस्टेन को क्रोनिक माइलॉयड ल्यूकेमिया है। उनके लीगल हेल्थ रेप्रजेंटेटिव क्रेग रोथफेल्ड ने सभी से फिल्मेकर की प्रिवेसी का सम्मान करने की अपील की है। जब क्रेग से हार्वे की सेहत के बारे में सवाल किया तो उन्होंने कुछ भी बताने से इनकार कर दिया। इसी साल जुलाई महीने में, हार्वे वेनस्टेन को कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं के इलाज के लिए न्यूयॉर्क की जेल से अस्पताल में ट्रांसफर किया गया था। उन्हें कोविड–19 संक्रमण भी हुआ था। साथ ही दोनों फेफड़ों में निमोनिया था। तब बताया गया था कि हार्वे को डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, स्पाइनल स्टेनोसिस है। उनके दिल और फेफड़ों में पानी जैसा पदार्थ भी पाया गया था। इसके बाद सितंबर में उनकी हार्ट सर्जरी भी हुई।

# हनुमान की भूमिका के लिए महेश बाबू का जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)



*फेमस फिल्ममेकर एसएस राजामौली पहली बार महेश बाबू के साथ अपनी अगली फिल्म में काम करने जा रहे हैं। फिल्म का टाइटल रखा गया है एसएसएमबी 29 जो फिलहाल अस्थायी है। हाल ही में आरआरआर डायरेक्टर ने अपनी इस अपकमिंग फिल्म श्एसएसएमबी 29श को लेकर हिंट दिया और एक जरूरी अपडेट भी शेयर किया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, एसएस राजामौली ने इंटरनैशनल जर्नलिस्ट्स से बात की और कहा है, मुझे जानवरों से प्यार है और मैं पहले भी अपनी फिल्मों में उनका इस्तेमाल करता रहा हूं। मुझे पूरा यकीन है कि मैं अपनी फिल्म आरआरआर से ज्यादा जानवरों का इस्तेमाल करूंगा। इस ताजा अपडेट ने यकीनन महेश बाबू के फैन्स और सभी फिल्मी लवर्स का एक्साइटमेंट बढ़ा दिया है।*

**राजामौली का जानवरों से कनेक्शन कई फिल्मों में**

यूं तो ये सच है कि एसएस राजामौली का जानवरों से कनेक्शन कई फिल्मों में देखने को मिलता है। चाहे वह राम चरण और काजल अग्रवाल स्टारर मगधीरा हो या आरसी और जूनियर एनटीआर की फिल्म आरआरआर, फिल्ममेकर्स ने जानवरों का इस्तेमाल करके फिल्म को एक अलग लेवल पर दिखाने की कोशिश की।

**महेश बाबू के लिए कहानी तैयार करने में लगे 2 साल**

उनकी आखिरी ब्लॉकबस्टर आरआरआर में, इंटरवल सीक्वेंस फिल्म का सबसे बड़ा आकर्षण बन गया। इस सीक्वेंस में वीएफएक्स के इस्तेमाल से तैयार किए गए कई जानवरों को दिखाया गया है जो जूनियर एनटीआर और राम चरण के साथ



लड़ते हैं। एसएसएमबी 29 की बात करें फेमस स्क्रिप्ट राइटर, डायरेक्टर और एसएस राजामौली के पिता, विजयेंद्र प्रसाद ने हाल ही में खुलासा किया था कि एसएसएमबी 29 की शूटिंग जनवरी 2025 में शुरू होगी। इसके अलावा, लेखक ने ये भी कहा कि स्टोरी को डेवलप करने में आमतौर पर उन्हें 3–4 सप्ताह लगते हैं लेकिन ये कहानी महेश बाबू को लेकर है तो इसलिए इसे तैयार करने में 2 साल से अधिक का समय लगा है।

**भगवान हनुमान की भूमिका में होंगे महेश बाबू**

कई रिपोर्टों के मुताबिक, महेश बाबू स्टारर ये फिल्म एक साहसिक और एडवेंचरस फिल्म बताई जा रही है। इसमें गुंटूर करम एक्टर को हिंदू पौराणिक कथाओं के भगवान हनुमान की भूमिका में दिखाया जाएगा। इसके अलावा, चर्चा ऐसी भी है कि यह फिल्म एक जंगल एडवेंचर फिल्म होगी।

**महेश बाबू का जबरदस्त फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन**

रिपोर्ट के मुताबिक, महेश बाबू फिल्म में अपने किरदार के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि उन्होंने इस फिल्म के लिए जबरदस्त फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन किया है। महेश बाबू का लंबे बाल और दाढ़ी वाला लुक हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हुआ और कई नेटिजन्स यह मान रहे हैं कि यह उनकी फिल्म श्एसएसएमबी 29श के लिए है।

# नीना गुप्ता से सिगरेट के पैसे मांगता था बॉयफ्रेंड



*नीना गुप्ता बॉलीवुड की सबसे बड़ी हस्तियों में से एक है। उनकी फिल्मों से लेकर पर्सनल लाइफ तक चर्चे में रहती है। हाल ही में एक बार फिर से नीना गुप्ता ने कुछ ऐसा कहा है जिससे वो सुर्खियों में आ गई हैं। उनके बॉयफ्रेंड उनस सिगरेट पीने के पैसे लिया करते थे और उन्हीं का मजाक उड़ाते थे।*

नीना गुप्ता बॉलीवुड की जानी–मानी हस्ती हैं। उन्होंने कई मुश्किलें देखने के बाद एक बड़ा मुकाम हासिल किया है। हाल ही में एक इंटरव्यू में, नीना ने मुंबई में अपने शुरुआती दिनों को याद किया। उन्होंने बताया कि कैसे वह पृथ्वी कैफे में वेट्रेस के तौर पर काम करती थीं और उनके तब के बॉयफ्रेंड इस काम के लिए उनका मजाक उड़ाते थे। इसके साथ ही नीना ने कई चौंकाने वाले खुलासे भी किए हैं। सिद्धार्थ कन्नन के साथ बातचीत में, नीना गुप्तां ने मुंबई में अपने शुरुआती दिनों को याद किया जब वह अपने करियर को आगे बढ़ाने के लिए दिल्ली से आई थीं। उन्होंने बताया कि कैसे वह और उनके बॉयफ्रेंड तब बेरोजगार थे और उन्होंने पृथ्वी कैफे में काम करने का फैसला किया। एक्ट्रेस ने बताया कि कैसे बॉयफ्रेंड खुद बेरोजगार होने के बावजूद उनकी नौकरी का मजाक उड़ाता था।

**नीना गुप्ता का मजाक उड़ाता था बहयफ्रेंड**

नीना गुप्ता ने कहा, एक दिन मेरा बॉयफ्रेंड आया और मुझे लगता है कि वह नशे में था। उसने पूछा कि क्या मैं दिल्ली से केवल वेट्रेस बनने के लिए आई हूं। मुझसे सिगरेट पीने के लिए पैसे मांगता था। वह मुझसे मेहनत करने के लिए सवाल कर रहा था लेकिन मुझसे पैसे भी उधार लेता था।

**बहयफ्रेंड को पैसे देती थीं उधार**

नीना गुप्ता ने आगे बताया कि वह उसे पैसे कैसे उधार देती थीं और कहा, श्भगवान का शुक्र है, शादी नहीं की।श उन्होंने बताया कि कैसे उन्होंने कैफे में भरता और आयरिश कॉफी बनाई और किसी तरह उन दिनों स्ट्रगल करती थीं। उन्होंने कहा कि मालिक उनके काम के बदले उन्हें मुफ्त में रात का खाना देता था।

**पंचायत 4 की करेंगी शूटिंग**

वर्कफ्रंट पर, नीना अगली बार डिज्नी हॉटस्टार की 1000 बेबीज में दिखाई देंगी। नीना गुप्ता फिलहाल छुट्टी पर हैं क्योंकि वह अपनी बेटी मसाबा को उनके नवजात बच्चे की देखभाल करने में मदद कर रही हैं। ब्रेक के बाद वह पंचायत 4 की शूटिंग भी करेंगी।

# कार्सिनॉयड अपुड़ोमा से रिलीज हो सकते हैं ट्यूमर हार्मोन



यह कैंसर का प्रकार काफी कम आम होता है। इसे एक दुर्लभ प्रकार भी माना जाता है। अमेरिका में हर साल इस कैंसर के करीब 2000 से 4500 केस सामने आते हैं।

**कार्सिनहयड ट्यूमर के प्रकार**
टिपिकल कार्सिनॉयड ट्यूमर रू यह ट्यूमर ज्यादा आम है और 90 प्रतिशत कार्सिनॉयड ट्यूमर के केस इसी प्रकार के होते हैं। यह कैंसर काफी धीरे धीरे फैलती है और आपके शरीर के किसी अन्य हिस्से में भी नहीं फैलती है। यह आपके फेफड़े के बड़े एयरवे में हो सकता है। इसे पेरीफेरल कार्सिनॉयड भी कहा जाता है। एटिपिकल कार्सिनॉयड रू यह प्रकार काफी कम देखने को मिलता है और यह बहुत तेजी से बढ़ता है। यह कैंसर दूसरे हिस्सों में भी फैल सकती है। इसके अलावा जो लोग धूम्रपान ज्यादा करते हैं उनमें यह ज्यादा देखने को मिलती है। यह छोटे एयरवे में ज्यादा देखने को मिलती है लेकिन का कभी कभी बड़े एयरवे में भी हो जाती है।

**लक्षणः** खांसी होना और कई बार खून वाली बलगम आना। छाती में दर्द होना। सांस लेने में तकलीफ महसूस होना। छाती में सिटी की आवाज आना। आपको डायरिया भी हो सकता है। गर्दन और चेहरे में लाल हो सकता है और आप का एकदम से वजन बढ़ सकता है।

**कारणः** `जब न्यूरोएंडोक्राइन सेल्स अपनी हद से ज्यादा कॉपीज बना देती हैं, तब ट्यूमर बन सकती है। माइक्रोस्कोप में उनके गुणों को देख कर उन्हें कार्सिनॉयड के रूप में जाना जाता है। इस बात का कारण नहीं पता है की यह सेल्स इतनी अनियंत्रित हो कर क्यों बढ़ने लगती हैं और ट्यूमर में क्यों बदल जाती हैं।

**इस कैंसर के रिस्क फैक्टर क्या क्या हैं?**
अगर आप धूम्रपान ज्यादा करते हैं तो इस कैंसर का रिस्क आपको ज्यादा होता है। अगर आप को मल्टीपल एंडोक्राइन नियोपलासिया टाइप 1 जैसा डिसऑर्डर है जोकि एक इन्हेरिटेड और दुर्लभ डिसऑर्डर है तो भी आपका इस कैंसर का रिस्क बढ़ जाता है। महिलाओं को इस कैंसर का रिस्क पुरुषों के मुकाबले ज्यादा होता है।

**इलाज**
सर्जरी आपके डॉक्टर इस ट्यूमर को निकालने के लिए सर्जरी भी कर सकते हैं। जब यह आपके शरीर के दूसरे हिस्सों में नहीं फैली होती है तब यह इलाज का तरीका प्रयोग किया जाता है। अगर आपके किसी लिंफ नोड तक यह कैंसर पहुंच गई है तो डॉक्टर उसे ही निकाल देते हैं ताकि शरीर के किसी अन्य भाग तक न पहुंचने पाए। आपके डॉक्टर रेडिएशन बीम का प्रयोग करके रेडिएशन थेरेपी दे सकते हैं और किसी भी प्रकार के कैंसर के इलाज में यह सबसे अधिक प्रभावी मानी जाती है।



## पेट में दर्द और फूड प्वॉइजनिंग का कारण हो सकता है कॉम्पिलोबैक्टेरियसिस

अंडर कुक पोल्ट्री का सेवन करने से होता है। अगर आप किसी संक्रमित जानवर के संपर्क में जाते हैं तो भी आप को यह इंफेक्शन हो सकता है। अधिकतर लोग एक हफ्ते में बिना किसी इलाज के ही ठीक हो जाते हैं इसलिए यह कोई गंभीर इन्फेक्शन नहीं है। इससे आप को कुछ मामूली लक्षण जैसे पेट दर्द, उल्टी आना और पाचन ठीक से न हो पाना आदि हैं। इस इन्फेक्शन में आप 5 से 7 दिन तक बीमार रह सकते हैं। इसका सबसे मुख्य लक्षण डायरिया होता है। इसमें आपको खून भी देखने को मिल सकता है और यह बच्चों में इसका इकलौता लक्षण होता है। पेट में दर्द होना, बुखार आना और मितली आना इसके अन्य लक्षणों में शामिल है। आपको यह भी जानना चाहिए की इस बैक्टीरिया से डिहाइड्रेशन भी होती है और इसके कारण आप को बहुत प्यास लगना और गला सूखना जैसे लक्षण देखने को मिल सकते हैं। आपकी स्किन भी थोड़ी गर्म महसूस हो सकती है। यह लक्षण आपको संक्रमित होने के 4 से 5 दिन बाद देखने को मिलते हैं और आप को एक हफ्ते तक इनका सामना करना पड़ सकता है। अक्सर यह बैक्टीरिया अशुद्ध खाने पीने के कारण ही फैलता है। अगर आप कच्चा दूध पीते हैं तो भी आपको यह संक्रमण हो सकता है इसलिए हमेशा उबाल कर ही दूध पीएं। अगर आप पूरी तरह कुक हुआ चिकन या मीट आदि जैसी पोल्ट्री का सेवन नहीं करते हैं तो भी आपको यह इंफेक्शन हो सकता है। अगर आप बिना फिल्टर का यह अशुद्ध पानी पीते हैं तब भी आप को यह संक्रमण हो सकता है।

## ओरल हाइजीन मेंटेन नहीं करने से जीभ पर उगते हैं बाल

ब्लैक हेयरी टंग सिंड्रोम, सुनने में आपको काफी अजीब लगता होगा लेकिन यह बीमारी दर्द रहित होती है और इससे कोई स्वास्थ्य समस्या नहीं होती है। इस बीमारी में जीभ पर छोटे छोटे उभार दिखने लगते हैं जिन्हें पैपिला कहते हैं। लंबे होने पर यह बालों की तरह दिखने लगते हैं। यह बेहद दुर्लभ स्थिति है और बहुत ही कम लोगों में देखने को मिलती है। इस स्थिति में जीभ के ऊपरी त्वचा के डेड सेल्स उभरकर बाहर आ जाते हैं जिससे जीभ मोटी होने लगती है। खराब ओरल हाइजीन, तंबाकू का सेवन या कुछ दवाइयों के कारण ब्लैक हेयरी टंग की समस्या हो सकती है। बेहतर ओरल हाइजीन से इस स्थिति को कंट्रोल किया जा सकता है। ब्लैक हेयरी टंग एक अस्थाई हानि रहित और काफी सामान्य स्थिति है, जिसमें आपकी जीभ का ऊपरी भाग बालों वाला दिखने लगता है। हालांकि आपकी जीभ पर मौजूद पदार्थ वास्तव में बाल नहीं होते हैं और यह हमेशा काले नहीं होते हैं। यह अन्य रंगों के भी हो सकते हैं।

## पलकों से जुड़ी बीमारी धुंधली कर सकती है नजर



ब्लेफेराइटिस आंखों से जुड़ी एक आम बीमारी है, जिसमें पलकों में खुजली, जलन और सूजन हो जाती है। इसके अलावा ब्लेफेराइटिस में पलकों पर पपड़ीदार परत भी बन जाती है। इस बीमारी से आंखों को कोई स्थाई नुकसान नहीं पहुंचता है और यह संक्रामक नहीं है लेकिन यह असुविधाजनक हो सकती है। इस बीमारी से बचने के लिए व्यक्ति को अपनी पलकों की सफाई पर अधिक ध्यान देना चाहिए। आमतौर पर यह पूरी तरह से ठीक नहीं होता है लेकिन इसके लक्षणों को कम करने के लिए कुछ जरूरी बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। ब्लेफेराइटिस दोनों आंखों को प्रभावित करता है और यह तब हो सकता है जब त्वचा की कोई स्थिति जलन पैदा करती है या फिर कोई संक्रमण हो जाता है। इसके अलावा ऑयल ग्लैंड बंद के होने पर भी ऐसी समस्या होती है। ज्यादातर मामलों में ब्लेफेराइटिस का कारण पलकों के निचले हिस्से में बहुत ज्यादा बैक्टीरिया का होना होता है। स्किन पर बैक्टीरिया होना सामान्य है लेकिन ज्यादा बैक्टीरिया कई तरह की समस्याएं पैदा कर सकते हैं। अगर आपकी पलकों में ऑयल ग्लैंड बंद हो जाती है या उनमें जलन होती है तो भी आपको यह समस्या हो सकती है। ब्लेफेराइटिस दो प्रकार का होता है। एक समय पर आपको या तो एक ही प्रकार का ब्लेफेराइटिस हो सकता है या फिर आपको दोनों ब्लेफेराइटिस एक साथ हो सकते हैं।

# एक दुर्लभ न्यूरोलॉजिकल विकार है कैनवन रोग

*कैनवन रोग एक बहुत ही दुर्लभ रोग है और यह एक जेनेटिक डिसऑर्डर है जिसमें आपका दिमाग प्रभावित होता है। अगर यह छोटे बच्चों में हो जाता है तो काफी गंभीर और खतरनाक हो सकता है लेकिन अगर यह बच्चों को युवा अवस्था के दौरान होता है तो इसके कारण बच्चों का विकास थोड़ा धीमा हो सकता है। आवश्यक ब्रेन केमिकल की कमी की वजह से दिमाग स्पंजी होने लगता है और अच्छे से काम नहीं कर पाता है। इनके लक्षण समय बढ़ने के साथ साथ बढ़ते जाते हैं। वैसे तो यह बीमारी काफी दुर्लभ है। लेकिन फिर भी अगर आपके बच्चे के अंदर इसके संकेत दिखें तो आपको नजर अंदाज नहीं करना चाहिए। आइए जान लेते हैं इस बीमारी के बारे में।*

**कैनवन रोग के विभिन्न प्रकार**
कैनवन रोग के दो प्रकार होते हैं और यह या तो बच्चों को पैदा होने के बाद ही हो जाता है और या उनकी युवा अवस्था में होता है। इसके दो प्रकार में रू इन्फेंटाइल और जुवेनाइल शामिल हैं। इन्फेंटाइलः यह प्रकार अधिक आम है और अधिक खतरनाक भी। यह शिशुओं में होता है। इसके होने के बाद बच्चों की मृत्यु काफी जल्दी हो जाती है। जुवेनाइलः यह थोड़ा कम आम है। इसके कारण बच्चों की मृत्यु नहीं होती है। केवल विकास में बाधा आती है।

**इस बीमारी का रिस्क किसे सबसे अधिक होता है?**
यह बीमारी वैसे तो किसी को भी हो सकती है लेकिन पोलैंड, लिथुआनिया और पश्चिमी रूस के लोगों में इसके होने का खतरा थोड़ा अधिक होता है।






**लक्षण**
बच्चे की मसल्स का टोन काफी असामान्य होने लगता है। ऐसा लगता है मानो उनकी मसल्स काफी अकड़ी हुई हैं और काफी कमजोर हैं। बच्चे के सिर का साइज असामान्य लगना या फिर काफी बढ़ते ही जाना और इस चीज पर नियंत्रण न कर पाना। बच्चे के विकास में बाधा आना जैसे वह सही समय पर चल न पाए या चीजों को याद न रख पाए आदि। खाने या फिर निगलने में समस्या महसूस होना।
मसल्स की मूवमेंट को कंट्रोल करने वाली स्किल्स बच्चे में न आ पाना। काफी चुप चाप रहना और बच्चे का किसी भी चीज में इंटरेस्ट न हो पाना। कई बार जब तक बच्चा 10 साल का होता है तब तक उसके सुनने या देखने में भी काफी हद तक कमी आने लगती है।

**कारण**
यह बीमारी एक जेनेटिक डिसऑर्डर है। इसका मतलब है इसका कोई कारण नहीं होता है बल्कि यह केवल मां बाप या किसी परिवार के सदस्य के कारण ही बच्चे में आ पाती है। इस बीमारी के रोगियों में ोच। नाम का एंजाइम नहीं होता है जिसके कारण उनका दिमाग एन एसिटाइल एस्पार्टेट को ब्रेक नहीं कर पाता है और दिमाग में इस तत्व का जमाव होना शुरू हो जाता है। इससे दिमाग का माइलिन डैमेज हो जाता है और फिर दिमाग अच्छे से काम नहीं कर पाता है।

**इलाज**
इस बीमारी का कोई इलाज संभव नहीं है लेकिन डॉक्टर बच्चे का जीवन थोड़ा आरामदायक बना सकते हैं और इसके लक्षणों को नियंत्रित कर सकते हैं। जैसे बच्चे तक पौष्टिक आहार पहुंचाने के लिए फीडिंग ट्यूब्स का प्रयोग किया जा सकता है। सीजर को कंट्रोल करने के लिए डॉक्टर कुछ दवाइयां दे सकते हैं। पोस्चर आदि को सुधारने के लिए कुछ फिजिकल थेरेपीज का भी प्रयोग किया जा सकता है। जेनेटिक टेस्टिंग के द्वारा और लक्षणों और इलाज के तरीकों का पता किया जा सकता है।



बांग्लादेश ने बनाई बढ़त

बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका के बीच मैच की बात करें तो मेजबान टीम ने पहली पारी में 106 रन बनाए। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में 308 रन बनाए। इस तरह प्रोटियाज टीम ने पहली पारी के आधार पर 202 रन की बढ़त बनाई। बांग्लादेश ने अपनी दूसरी पारी में खबर लिखे जाने तक 71 ओवर में 234/6 का स्कोर बनाया और 32 रन की बढ़त हासिल की।

## मुश्फिकुर रहीम ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। बांग्लादेश के अनुभवी बल्लेबाज मुश्फिकुर रहीम ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मीरपुर में जारी पहले टेस्ट में इतिहास रच दिया है। मुश्फिकुर रहीम ने प्रोटियाज के खिलाफ दूसरी पारी में 33 रन बनाए और एक गजब का रिकॉर्ड अपने नाम किया। मुश्फिकुर रहीम ने अपनी पारी के दौरान 6000 रन पूरे किए। रहीम टेस्ट क्रिकेट में 6000 रन पूरे करने वाले पहले बांग्लादेशी क्रिकेटर बने। उन्होंने 93 टेस्ट में 11 शतक और 27 अर्धशतकों की मदद से 6003 रन बनाए। रबाडा ने क्लीन बोल्ड करके रहीम की पारी का अंत किया। बता दें कि मुश्फिकुर रहीम ने 2005 में इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट में डेब्यू किया था। वह बांग्लादेश के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज पहले से बने हुए हैं। बांग्लादेश के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट रन बनाने के मामले में दूसरे स्थान पर तमीम इकबाल काबिज हैं। इकबाल ने अपने करियर में 5134 रन बनाए। वैसे, मुश्फिकुर रहीम ने बांग्लादेश के लिए टेस्ट में कप्तानी भी की। उन्होंने 34 मैचों में राष्ट्रीय टीम का नेतृत्व किया, जिसमें सात जीत हासिल की। हालांकि, रहीम का रिकॉर्ड बेहद खराब रहा और उन्हें 18 शिकस्त का सामना करना पड़ा।

# लगातार फ्लॉप हो रहे राहुल के लिए सरफराज को बाहर बिठाने की तैयारी

क्रिकेट

## भारत-न्यूजीलैंड के बीच दूसरा टेस्ट आज से खेला जाएगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। बेंगलुरु मे 150 रन बनाने के बावजूद न्यूजीलैंड के विरुद्ध पुणे में गुरुवार से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट मैच में सरफराज खान को अंतिम एकादश से बाहर किया जा सकता है। मंगलवार को टीम प्रबंधन ने संकेत दिए लगातार खराब प्रदर्शन के बावजूद कर्नाटक के इस बल्लेबाज को फिर मौका दिया जाएगा। पहले टेस्ट मैच में नहीं खेलने वाले शुभमन गिल फिट होकर वापसी करेंगे, ऐसे में सरफराज या केएल में से किसी एक को ही टीम में जगह मिलनी है। लेकिन भारत के सहायक कोच रेयान डेन डोएशे ने कहा कि सरफराज ने पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन राहुल की फॉर्म चिंता का विषय नहीं है। वह अच्छी मानसिक स्थिति में है। लेकिन निश्चित तौर पर हमें इस टेस्ट मैच के लिए सात





बल्लेबाजों में से छह को टीम में फिट करना होगा।

राहुल को टेस्ट प्रारूप से बाहर रखना मुश्किल है तथा मुख्य कोच गंभीर भी उन्हें पर्याप्त मौके देना चाहते हैं। यदि आप पिछले तीन महीनों को देखें जब से गौतम ने मुख्य कोच का पद संभाला है, वह राहुल को जितना संभव हो उतना मौके देना चाहते हैं। बेंगलुरु में खेले गए पहले टेस्ट मैच में केएल राहुल ने शून्य और 12 रन ही बनाए थे, लेकिन इसके बावजूद वह टीम प्रबंधन की पसंद बने हुए हैं। यह पहली बार नहीं है जब केएल राहुल को प्रदर्शन करने वाले बल्लेबाज पर प्राथमिकता दी जा रही है।

एशिया कप में जब केएल राहुल चोटिल थे, तब इशान किशन उनकी जगह टीम का हिस्सा थे और लगातार रन बना रहे थे। लेकिन जैसे ही राहुल फिट हुए, टीम प्रबंधन ने इशान को टीम से बाहर करने में बिल्कुल भी देर नहीं लगाई। ये कोच गंभीर ही थे, जिन्होंने 2023 वनडे विश्व कप के दौरान केएल को चुने जाने पर सवाल खड़े किए थे। गंभीर ने कहा था कि जब इशान अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं तो उन्हें मौके मिलने चाहिए, लेकिन कोच बनते ही गंभीर भी राहुल को लगातार मौका दे रहे हैं। बांग्लादेश के विरुद्ध टेस्ट सीरीज में भी सरफराज की जगह केएल को प्राथमिक दी गई थी।

राहुल के बल्ले से पिछले वर्ष दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध टेस्ट शतक आया था। उसके बाद उन्होंने बांग्लादेश के विरुद्ध दूसरे टेस्ट में 68 रन की पारी खेली, लेकिन बाकी पारियों में उनके बल्ले से रन नहीं निकले हैं। उनके अंतिम 10 टेस्ट मैचों की बात करें तो बांग्लादेश के विरुद्ध 2022 में पहले टेस्ट में 22 और 22 रन बनाए थे।

## मैच से पहले कोच ने बताया विकेटकीपर का हाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत-न्यूजीलैंड के बीच खेले गए पहले टेस्ट के दौरान विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत चोटिल हो गए थे। ऐसे में उन्होंने विकेटकीपिंग नहीं की थी। उनकी जगह ध्रुव जुरेल मैदान पर उतरे थे। हालांकि, पंत ने दूसरी पारी में शानदार बल्लेबाजी की थी और 99 रन बनाए थे। अब दूसरे टेस्ट से पहले पंत की इंजरी पर बड़ा अपडेट आया है। भारत के सहायक कोच रेयान टेन डोशेट ने ऋषभ पंत की इंजरी पर अपडेट दिया है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि विकेटकीपर बल्लेबाज 24 अक्टूबर से शुरू होने वाले पुणे टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। हले टेस्ट के दौरान पंत के बाएं घुटने में चोट लगी थी। न्यूजीलैंड की पारी के दौरान 37वें ओवर में पंत को चोट लगी थी। इसके बाद पंत मैदान से बाहर चले गए थे। वह बीसीसीआई की मेडिकल टीम की निगरानी में रहे थे। पंत न्यूजीलैंड की दूसरी पारी में भी विकेटकीपिंग करने नहीं उतरे थे।

# प्रभु की कृपा है... मंतर मारते ही जेमिमा रोड्रिग्स हुई बेसुध

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम के स्टार खिलाड़ी जेमिमा रोड्रिग्स धर्मातरण मामले को लेकर सुर्खियों में हैं। जेमिमा के पिता इवान रोड्रिग्स पर आरोप है कि उन्होंने मुंबई की प्रतिष्ठित खार जिमखान में धर्मातरण से जुड़ा कार्यक्रम आयोजित किया। इस घटना के सामने आने के बाद बाद खार जिमखाना ने जेमिमा की सदस्यता को रद्द कर दिया है। इस पूरे मामले में जेमिमा के पिता ने चुप्पी साध रखी है। जिम खाना सदस्यों ने आरोप लगाया है कि इवान ने गरीब और कमजोर तबके के लोगों को बरगला कर उनके धर्म को परिवर्तित किया है।

वहीं सोशल मीडिया पर अब जेमिमा का भी एक पुराना वीडियो वायरल हो रहा है। यह वीडियो जेमिमा के जूनियर लेवल क्रिकेट के दिनों की है। इस

■भारतीय महिला क्रिकेटर का वीडियो वायरल

वीडियो में जेमिमा बताती हैं कि उन्होंने 37 गेंद में नाबाद 25 रन बनाए। इसके लिए मैं ईश्वर का धन्यवाद करती हूं। इतना कहने बाद एक व्यक्ति जेमिमा के करीब आते हैं और कुछ मंत्र का उच्चारण करते हैं। इसके बाद जेमिमा बेसुध होकर नीचे की गिर जाती हैं। यह वीडियो साल 2015 का बताया जा रहा है।

बता दें कि खार जिमखाना के वार्षिक बैठक में इवान रोड्रिग्स के मुद्दे को उठाया गया। सदस्यों ने पाया कि जेमिमा के पिता ने लगभग डेढ़ साल के लिए प्रेसिडेंशियल हॉल बुक कर 35 कार्यक्रम आयोजित किए। जेमिमा के पिता ये सब काम ब्रदर मैनुअल मिनिस्ट्रीज नामक संगठन के साथ मिलकर किया है। बता दें कि खार जिमखाना के संविधान में यह नियम साफ तौर से लिखा है कि इसके परिसर का इस्तेमाल किसी भी तरह के धार्मिक गतिविधि के लिए नहीं किया जा सकता है।

खार जिमखाना के पूर्व अध्यक्ष नितिन गाडेकर ने कहा कि उन्हें एक स्टाफ सदस्य द्वारा धार्मिक गतिविधि के बारे में सूचना मिली थी। उन्होंने कहा, जब मुझे इसके बारे में जानकार मिली तो मैं कुछ अन्य सदस्यों के साथ इसे देखने गए थे। हमने देखा कि कमरे में अंधेरा था ट्रांस संगीत बज रहा था और एक महिला कह रही थी वह हमें बचाने आ रहा है। ये सब देखकर मुझे हैरान रह गया। जेमिमा रोड्रिग्स को भारतीय महिला टीम में कप्तान की दावेदार के रूप में देखा जा रहा है। जेमिमा टीम इंडिया के लिए मध्यक्रम में बल्लेबाजी करती हैं।

## न्यूज डायरी





## केएल राहुल और एलएसजी के बीच नहीं चल रहा कुछ ठीक?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम केएल राहुल को आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन से पहले रिलीज कर सकता है। वहीं, लखनऊ की टीम मयंक यादव, निकोलस पूरन और रवि बिश्नोई को रिटेन करने की प्लानिंग में है। केएल राहुल ने लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी आईपीएल के पहले तीन सीजन में की है, लेकिन वह बतौर कप्तान टीम को खिताब नहीं दिला सके। हाल ही में एक रिपोर्ट के मुताबिक टीम मैनेजमेंट उनके स्ट्राइक रेट से खुश नहीं है। रिपोर्ट के अनुसार, नए मेंटर जहीर खान और कोच जस्टिन लैंगर ने राहुल के आंकड़ों पर जोर डाला, जिससे ये सामने आया कि जिन मुकाबलों में टीम को हार का सामना करना पड़ा है। वहां राहुल ने बैटिंग करते हुए काफी धीमी गति से बल्लेबाजी की है, जिसके बाद फ्रेंचाइजी ने उन्हें रिलीज करने का मन बना लिया है। दरअसल,रिपोर्ट के अनुसार, मेंटर जहीर खान और कोच जस्टिन लैंगर सहित एलएसजी प्रबंधन ने उनके आंकड़ों का विश्लेषण किया है और यह सामने आया है कि टीम लगभग सभी मैच हार गई है जहां केएल न धीमी गति से बैटिंग की। यह दर्शाता है कि उनका स्ट्राइक रेट गति से मेल नहीं खाता है। खेल के प्रभाव खिलाड़ी नियम के साथ, स्कोर अधिक हो रहे हैं, आप किसी को शीर्ष क्रम में इतना समय देने का जोखिम नहीं उठा सकते। एलएसजी कप्तान के लिए ऋषभ पंत को खरीदने में रुचि दिखा सकता है।

## श्रेयस अय्यर नहीं हैं इंजर्ड, एक्स पर दी जानकारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। श्रेयस अय्यर मौजूदा समय में भारतीय टीम में वापसी की राह देख रहे है। वह रणजी ट्रॉफी में मुंबई के लिए बल्ले से अहम पारी खेल रहे हैं। इस बीच उनको लेकर एक रिपोर्ट सामने आई, जिसमें ये कहा गया कि वह फिर से चोटिल हो गए हैं। साथ ही वह मुंबई के लिए अगला मैच मिस कर सकते हैं। क्रिकबज के अनुसार ये जानकारी बीसीसीआई के सूत्र से उन्हें मिली, लेकिन श्रेयस अय्यर ने इस खबर को खारिज कर दिया है। दरअसल, श्रेयस अय्यर ने मुंबई टीम के लिए रणजी ट्रॉफी में लगातार 7 मैच खेले हैं, जिससे ये स्पष्ट होता है कि वह भारतीय टीम में कमबैक करने के लिए तैयार है। हाल ही में क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने उन्हें बताया कि अय्यर अगरतला की यात्रा नहीं करेंगे, जहां मुंबई 26 नवंबर से त्रिपुरा से भिड़ेगी। टीम के बाकी सदस्य 23 अक्टूबर की सुबह अगरतला के लिए रवाना होंगे। एमसीए श्रेयस अय्यर के रिप्लेसमेंट की घोषणा नहीं कर रहा है क्योंकि उसने 16 सदस्यीय टीम की घोषणा की थी। इस बीच श्रेयस ने अपने इंजर्ड की खबरों को गलत ठहराया है। अय्यर ने एक्स पर लिखा कि दोस्तों, आइए समाचार प्रकाशित करने से पहले गंभीरता से कुछ होमवर्क करें। इस ट्वीट से उन्होंने हर उन शख्स के मुंह पर जोरदार तमाचा जड़ा, जो श्रेयस की इंजरी की खबर को काफी प्राप्तिक्ता दे रहे थे।

## संन्यास से वापसी के लिए बेकरार है ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बाद भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी। इस दौरान भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 5 टेस्ट मैचों की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी खेली जाएगी। सीरीज की शुरुआत से पहले ही भारतीय टीम की मुश्किलें बढ़ने लगी हैं। दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर डेविड वॉर्नर ने संन्यास से वापसी के संकेत दिए हैं। उन्होंने इसी साल रिटायरमेंट का एलान किया था। वॉर्नर ने कहा, मैं हमेशा उपलब्ध हूं, बस फोन आने की देरी है। मैं खेली को लेकर हमेशा बहुत सीरियस रहता हूं। ईमानदारी से कहूं तो, अगर उन्हें वास्तव में इस सीरीज के लिए मेरी जरूरत है, तो मैं अगला गेम खेलने के लिए बहुत खुश हूं। वॉर्नर ने कहा, मैंने सही कारणों से रिटायरमेंट लिया था। मैं बस गेम को फिनिश करना चाहता था। अगर किसी प्लेयर की जरूरत है तो मैं उपलब्ध हूं। मैं इससे पीछे हटने वाला नहीं हूं। दरअसल डेविड वॉर्नर के संन्यास के बाद कंगारू टीम को उस्मान ख्वाजा के जोड़ीदार की तलाश है। भारतीय टीम के खिलाफ डेविड वॉर्नर के टेस्ट आंकड़ों पर नजर डालें तो उन्होंने 21 मैच खेले। भारत के खिलाफ टेस्ट में वॉर्नर ने 4 शतक भी लगाए थे।

इग्लैंड के प्रसिद्ध योगाचार्य माइकल मिलर के मार्गदर्शन में चल रहा योग प्रशिक्षण शिविर।



## संक्षिप्त समाचार

### कैबिनेट के दौरान बिगड़ी मंत्री सुबोध उनियाल की तबीयत

**संवाददाता** देहरादून। कैबिनेट बैठक के दौरान मंत्री सुबोध उनियाल की तबीयत बिगड़ गई। वह बैठक छोड़कर तुंरत अस्पताल पहुंचे। सीएम धामी की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रिमंडल की बैठक शुरू हुई। तभी अचानक कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल बैठक छोड़कर बाहल निकल गए। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने बताया कि मंत्री सुबोध उनियाल की तबीयत ठीक नहीं होने की वजह से उन्हें बैठक छोड़कर जाना पड़ा। उनको दून मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में लाया गया, यहां डॉक्टरों ने उनका उपचार किया। सुधार होने की पर वन मंत्री उनको अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

### नर्सिंग अधिकारियों ने काली पट्टी बांधी

**संवाददाता** देहरादून। दून के अस्पतालों में नर्सिंग अधिकारियों ने बुधवार को अपनी प्रमोशन, ग्रेड पे, वेतन विसंगति समेत 29 सूत्रीय मांगों पर काली पट्टी बांधी। वह 26 अक्टूबर तक काली पट्टी बांधकर आंदोलन करेंगे। वहीं 28 अक्टूबर से कार्य बहिष्कार करेंगे। अध्यक्ष भारती जुयाल ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने अफसरों को समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देशित किया है। अफसरों ने कुछ दिन का समय मांगा है। समाधान नहीं होने पर प्रदेशभर में हड़ताल होगी।

### माहौल खराब करने वालों पर कार्रवाई हो

**संवाददाता** देहरादून। जमीयत उलमा ए हिंद के प्रदेश सचिव खुर्शीद अहमद ने सीएम, डीजीपी को ज्ञापन भेजकर कहा कि उत्तरकाशी, चमोली जिलों में माहौल खराब करने की कोशिश की जा रही है। माहौल खराब करने वाले लोगों पर कार्रवाई की जाए। उधर, उत्तराखंड सर्वोदय मण्डल के इस्लाम हुसैन ने डीजीपी को ज्ञापन भेजकर उत्तरकाशी में होने जा रही रैली को रोके जाने की मांग की है। उन्होंने इससे माहौल खराब होने की आशंका जताई है।

### ऋषिकेश के अस्पताल में होंगी राजधानी जैसी सुविधा

**संवाददाता** ऋषिकेश। ऋषिकेश सिविल अस्पताल को राजधानी देहरादून के सरकारी अस्पतालों की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। इसमें जांच की आधुनिक मशीनों के साथ मैन पावर में भी इजाफा होगा। हाल में डीएम सविन बसंल ने निरीक्षण कर सरकारी अस्पताल की व्यवस्थाओं को परखा था। दायित्व के प्रति लापरवाह चिकित्सकों और अन्य स्टाफ पर उन्होंने कार्रवाई भी की थी। बुधवार को ऋषिकेश में डीएम ने बताया कि सीएमओ डॉ. सतेंद्र जैन के माध्यम से उन्हें अस्पताल की जरूरतों से जुड़ी रिपोर्ट की फाइल मिल गई है। प्लान में उन्होंने संसाधन, उपकरण और मैन पावर को मजबूत करने पर जोर दिया है।

# दीवाली व धनतेरस पर लग्जरी गाड़ियों की बड़ी चोरी करने का था प्लान

■ मुठभेड़ में एक अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरफ्तार

**मुठभेड़**

**अर्जुन सिंह भण्डारी। संवाददाता**

देहरादून। बुधवार तड़के सुबह प्रेमनगर पुलिस द्वारा मुठभेड़ में उत्तर प्रदेश के जिस अंतर्राज्यीय वाहन चोर को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है वह अपने गैंग के साथ मिलकर अलग अलग राज्यो में लग्जरी गाड़ियों की चोरी कर उनपर उसी मॉडल की एक्सीडेंट में कबाड़ बन चुकी गाड़ियों के नंबर प्लेट लगाकर उन्हें ऊंचे दामों पर बेचने का काम करता है। अभियुक्त व उसके साथियों द्वारा बाजार में जिस मॉडल की गाड़ियों की डिमांड सबसे ज़्यादा रहती है उस हिसाब से उक्त गाड़ियों के शोरूम की रेकी कर मौका देख गाड़िया साफ की जाती थी। अभियुक्त जिस वक्त प्रेमनगर पुलिस के हत्थे चढ़ा उस वक्त वह और उसका एक और साथी अलग अलग चोरियों की गाड़ी से देहरादून में गाड़ियों की रेकी करने आये थे,जिनके द्वारा दीवाली



व धनतेरस पर राजधानी में बड़ी चोरी को अंजाम देने का प्लान था।

पुलिस कप्तान अजय सिंह ने बताया कि कल मंगलवार को उन्हें एक अंतर्राज्यीय लग्जरी वाहन चोर गिरोह के देहरादून में आने की गोपनीय सूचना मिली थी, जिसपर एसओजी टीम द्वारा उक्त गिरोह की जानकारी हासिल की गई व जनपद में चेकिंग अभियान भी चलाया गया। एसओजी टीम द्वारा अपने सूत्रों से गिरोह के बारे में दिल्ली, लखनऊ व अन्य स्थानों से जानकारियां एकत्रित की गई तो एसओजी को उक्त गिरोह के प्रेमनगर क्षेत्र में होने की सूचना मिली, जिसपर एसओजी व प्रेमनगर पुलिस द्वारा कल देर रात ही प्रेमनगर में चेकिंग अभियान चलाया गया।

अजय सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान टी स्टेट प्रेमनगर रोड पर एक होंडा अमेज वाहन को रोकने का इशारा किया तो वाहन चालक मौके से भागने लगा व इस दौरान उसके द्वारा वहां खडे एसओजी के वाहन को टक्कर मार दी व वह अभियुक्त वाहन से उतरकर टी स्टेट के जगंल की तरफ भाग गया। एसओजी तथा प्रेमनगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा भी तुरंत टी स्टेट के जगंल में काम्बिंग कार्यवाही की गई। काम्बिंग के दौरान अभियुक्त द्वारा पुलिस टीम पर फायर किया गया जिसकी जवाबी कार्यवाही में पुलिस द्वारा की गई फायरिंग मे अभियुक्त के दाहिने पैर में गोली लग गई थी। पुलिस ने अभियुक्त के पास से 315 बोर का एक तमंचा,एक जिन्दा कारतूस तथा एक खोखा कारतूस बरामद किया था।

उन्होंने बताया कि अभियुक्त अनुभव त्रिपाठी(23) पुत्र सुभाष त्रिपाठी निवासी– सिनेमा रोड थाना व जिला हरदोई उत्तर प्रदेश है व अभियुक्त से बरामद वाहन के इंजन नम्बर व चेचिस नम्बर के मिलान से वाहन में लगी नम्बर प्लेटरू यू0के0–04–एके–6090 फर्जी पाई गयी। वह गाड़ी दिल्ली आरटीओ में वाहन संख्या डीएल–04–सी–बीडी–4392 में दर्ज पाई गई। अभियुक्तों द्वारा उक्त गाड़ी को एक सप्ताह पूर्व दिल्ली से चोरी किया।

### उत्तराखण्ड परिवहन निगम कर्मियों की 48 घंटे की हड़ताल समाप्त

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड परिवहन निगम कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर दिनांक 22–10–2024 से प्रारम्भ हुई 48 घंटे की प्रदेशव्यापी हड़ताल को समाप्त कर दिया गया है। इस संदर्भ में दिनांक 22–10–2024 की शाम 8रू00 बजे, सचिव एवं आयुक्त परिवहन विभाग, बृजेश कुमार सन्त ने संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ वार्ता की। वार्ता के दौरान राष्ट्रीयकृत मार्गों पर परमिट जारी करने के सम्बन्ध में जारी राज्य परिवहन प्राधिकरण के आदेश (14–10–2024) पर स्थिति स्पष्ट की गई। सचिव द्वारा बताया गया कि उक्त आदेश के तहत फिलहाल कोई नया परमिट जारी नहीं किया जाएगा और कर्मचारियों के बीच फैली भ्रम की स्थिति को दूर किया गया। सचिव सन्त ने यह भी आश्वासन दिया कि संयुक्त मोर्चा की अन्य मांगों पर सभी पक्षों से विचार–विमर्श कर सहानुभूतिपूर्ण निर्णय लिया जाएगा। वार्ता के बाद, संयुक्त मोर्चा के संयोजक श्री अशोक चौधरी ने निगम कर्मियों की प्रस्तावित कार्य बहिष्कार की योजना को वापस लेने की घोषणा की। यह निर्णय लिया गया कि आन्दोलन की आगे की दिशा पर विचार बुधवार को सभा में निर्णय लिया गया।

# राज्य कैबिनेट का पशुपालकों के लिए ऐतिहासिक निर्णय

**निर्णय**

■ आईटीबीपी को भेड़, बकरी,कुक्कुट एवं मछली की आपूर्ति करेंगे प्रदेश के पशुपालक

**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों के भेड़, बकरी, कुक्कुट एवं मछलीपालकों के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कैबिनेट ने ऐतिहासिक निर्णय लिया है। राज्य कैबिनेट के इस निर्णय से प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों में भेड़, बकरी, कुक्कुट एवं मछलीपालकों की आर्थिकी को मजबूती मिलने के साथ ही स्वरोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में हुई कैबिनेट बैठक में पशुपालन मंत्री सौरव बहुगुणा की उपस्थिति में पशुपालकों हेतु महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। राज्य सरकार ने प्रदेश के भेड़, बकरी, कुक्कुट एवं मछलीपालकों विभिन्न जनपदों में स्थित भारत तिब्बत सेना पुलिस की बटालियन को मांस मछली की आपूर्ति करने के लिए नई योजना को मंजूरी दे दी है। इस योजना से प्रदेश की लगभग 80 से अधिक सहकारी समितियों के माध्यम से लगभग 11 हजार से अधिक पशुपालकों को सीधा लाभ मिलेगा। सचिव पशुपाल डॉ. बी वी आर सी पुरुषोत्तम ने बताया कि राज्य कैबिनेट ने बुधवार को सहकारी समितियों के माध्यम से आईटीबीपी को जीवित भेड़– बकरी, कुक्कुट एवं मछली की आपूर्ति किए जाने हेतु मंजूरी दे दी है। जल्द आईटीबीपी के साथ सहकारी समितियों का एमओयू किया जाएगा।

सचिव पशुपाल ने बताया कि शासन ने इसके लिए ब्याज रहित लोन के रूप में 5 करोड रुपए के रिवाल्विंग फंड की भी स्वीकृत किया है। आईटीबीपी को जीवित भेड़– बकरी, कुक्कुट एवं मछली की आपूर्ति के लिए प्रथम चरण में तीन जनपदों से योजना की शुरुआत की जाएगी। प्रदेश के सीमांत जनपदों के चमोली, उत्तकाशी और पिथौरागढ़ जनपद से इस योजना की शुरुआत करते हुए सहकारी समितियों के माध्यम से योजना का संचालन होगा।

इस योजना से 11 हजार से अधिक पशुपालक लाभान्वित होंगे जिसमें प्रमुख रूप से 7000 महिलाएं शामिल हैं। भेड़ बकरी पालकों में 10 हजार पशुपालक, कुरकुट की आपूर्ति से लगभग 800 से अधिक एवं मछली आपूर्ति के लिए 500 से अधिक मछलीपालकों को इसका लाभ मिलेगा।

**मलिन बस्तियों की समय सीमा 3 साल के लिए बढ़ाई**

मलिन बस्तियों के नियमतिकरण के लिए अध्यादेश की समय सीमा 3 साल के लिए बढ़ाई गई है। भूजल का व्यावसायिक इस्तेमाल अब महंगा होने वाला है। भूजल के इस्तेमाल करने टैक्स देना होगा और प्राकृतिक जल स्रोत भी इस दायरे में आएंगे।

### जनता के मुद्दों पर आप सड़कों पर प्रदर्शन करेगी

**संवाददाता** देहरादून। आम आदमी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में बुधवार को प्रदेश उपाध्यक्ष आजाद अली की अगुवाई में एक बैठक हुई। इसमें पूर्व प्रदेश सचिव नासिर खान ने अध्यक्षता की। सभी ने एकमत एकमत होकर केजरीवाल विचार मंच का गठन किया। प्रदेश में होंने वाले आगामी निकाय चुनावों को लेकर हो रही देरी पर राज्य की बीजेपी सरकार पर आरोप लगाया। विद्युत दरों में अतिरिक्त सुरक्षा शुल्क और स्मार्ट मीटर के नाम पर वसूली पर सड़कों पर उतरने की बात कही गई। प्रदेश उपाध्यक्ष आजाद अली ने कहा की राज्य सरकार निकाय चुनाव को लेकर गंभीर नही है और वह जनता के साथ साथ माननीय न्यायालय को भी गुमराह करने का काम कर रही है। प्रदेश उपाध्यक्ष उमा सिसोदिया, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता हेमा भंडारी, ओपी मिश्रा, सुधा पटवाल, नासिर, सीपी सिंह, विपिन खन्ना, योगेंदर चौहान, सुदेश सैनी आदि मौजूद रहे।







**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादक: प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालय:**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।